# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, बुधवार 13 दिसंबर 2023







छत्तीसगढ़ शासन

छत्तीसगढ़ महतारी

## हमने बनाया है हम ही संवारेंगे

**श्री नरेन्द्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री
भारत सरकार

**श्री विष्णु देव साय**
माननीय मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़ शासन

### आज होगी शुरूआत

# विकसित भारत - विकसित छत्तीसगढ़

### के निर्माण की

## माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी

की गरिमामयी उपस्थिति में

### छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री

## श्री विष्णु देव साय

एवं

### मंत्रिमण्डल के सदस्यगण आज लेंगे

# शपथ

सेवा की | सुशासन की | सुरक्षा की | विकास की

दिनांक- 13 दिसम्बर, 2023
स्थान- साईंस कॉलेज मैदान, रायपुर
समय- दोपहर 2.00 बजे

सबका साथ-सबका विकास
सबका विश्वास और सबका प्रयास

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in



**श्री नरेन्द्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री
भारत सरकार

छत्तीसगढ़ शासन
छत्तीसगढ़ महतारी

# हमने बनाया है हम ही संवारेंगे



**श्री विष्णु देव साय**
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

## छत्तीसगढ़ के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की

# गारंटी

### कृषक उन्नति योजना

हम ''कृषक उन्नति योजना'' की शुरुआत करेंगे, जिसके अंतर्गतः

- 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी ₹ 3,100 में की जाएगी।
- किसानों का पैसा बिना लम्बी कतारों के एक ही किस्त में पूरा भुगतान सुनिश्चित करने के लिए हर पंचायत भवन में बैंकों के नकदी आहरण काउंटर स्थापित करेंगे।
- प्रदेश में धान खरीद से पहले ही बारदाने की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

### महतारी वन्दन योजना

हम 'महतारी वन्दन योजना' की शुरुआत कर प्रदेश की प्रत्येक विवाहित महिला को ₹ 12,000 की वार्षिक वित्तीय सहायता प्रदान करेंगे।

### 18 लाख प्रधानमंत्री आवास एवं घर-घर निर्मल जल अभियान

हम अपनी पहली 'कैबिनेट बैठक' में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लंबित 18 लाख घरों का निर्माण पूरा करने के लिए धन-राशि का आवंटन करेंगे एवं 2 साल के अंदर छत्तीसगढ़ के प्रत्येक घर में पीने का पानी उपलब्ध करवाएंगे।

### बोनस की गारंटी

सुशासन दिवस के अवसर पर 25 दिसंबर 2023 को किसान भाइयों को मिलेगा 2 वर्ष का बकाया धान बोनस

### पी.एस.सी. परीक्षा में पारदर्शिता

हम राज्य में सभी प्रमुख परीक्षाओं की प्रक्रिया को UPSC की तर्ज पर सुव्यवस्थित करेंगे, ताकि भविष्य में सभी शासकीय भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता का समावेश हो।

# विकसित भारत - विकसित छत्तीसगढ़

# नयी सुबह, नयी सोच

## अब होगा विकसित और समृद्ध छत्तीसगढ़ का निर्माण

**सबका साथ - सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास**

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, बुधवार 13 दिसंबर 2023



छत्तीसगढ़ शासन | छत्तीसगढ़ महतारी



**श्री विष्णु देव साय**
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

## हमने बनाया है
## हम ही संवारेंगे

**श्री नरेन्द्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री
भारत सरकार

# छत्तीसगढ़ के लिए
# प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की
# गारंटी

### तेंदूपत्ता संग्रहण दर एवं बोनस

- हम प्रदेश में **तेंदूपत्ता का संग्रहण ₹ 5,500 प्रति मानक बोरा** में करेंगे।
- वर्तमान संग्रहण अवधि में 15 दिनों की बढ़ोतरी की जाएगी।
- इसके अतिरिक्त **संग्राहकों को ₹ 4,500 तक बोनस**, चरणपादुका एवं अन्य सुविधाएँ पुनः प्रदान की जाएंगी।

### श्रीरामलला दर्शन

हम प्रदेशवासियों को हमारे आस्था के प्रतीक **प्रभु श्रीरामलला के दर्शन** कराने हेतु अयोध्या लेकर जाएंगे।

### दीनदयाल उपाध्याय कृषि मजदूर कल्याण योजना

हम **'दीनदयाल उपाध्याय कृषि मजदूर कल्याण योजना'** की शुरुआत कर प्रत्येक भूमिहीन खेतिहर मजदूर को **हर साल 10,000 की आर्थिक सहायता** प्रदान करेंगे।

### रिक्त शासकीय पदों पर भर्ती

हम प्रदेश के **1 लाख रिक्त शासकीय पदों** पर समयबद्ध एवं पारदर्शी रूप से भर्ती सुनिश्चित करेंगे।

### 500 में सिलेंडर

हम गरीब परिवारों की महिलाओं को 500 **में गैस सिलेंडर** प्रदान करेंगे, इससे महिलाओं को अपनी गृहस्थी चलाने में मदद मिलेगी।

## संकल्प निभाएंगे
## समृद्ध छत्तीसगढ़ बनाएंगे...

**सबका साथ - सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास**

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




## भाजपा का भव्य व बड़ा समारोह
### सीएम विष्णुदेव साय लेंगे शपथ

मैं शपथ लेता हूं कि...

मंत्रिमंडल भी साथ में लेगा शपथ

# आज सजेगा 'विष्णु-दरबार'

## मोदी, शाह, नड्डा, गडकरी, राजनाथ, योगी आदित्यनाथ सहित छह राज्यों के मुख्यमंत्री भी आएंगे

*छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बुधवार को साइंस कॉलेज मैदान पर दोपहर को तीन बजे मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। मंत्रिमंडल भी साथ में शपथ लेगा। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, कई केंद्रीय मंत्रियों के साथ उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पांच अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव शपथ लेने के बाद भोपाल से उड़ान भरकर यहां कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचेंगे।*

### समारोह स्थल का लिया जायजा

भाजपा के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर और सह प्रभारी नितिन नवीन मंगलवार की शाम को पांच बजे यहां पहुंचे। यहां आने के बाद भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव, बृजमोहन अग्रवाल, विजय शर्मा, राजेश मूणत भूपेंद्र सव्वनी, संजय श्रीवास्तव सौरभ सिंह व भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने शपथ ग्रहण शेष पेज 4पर

### जूदेव परिवार से मिले विष्णु माधवी ने दिया आशीर्वाद

## अतीत को नहीं भूलते, संबंधों को सहेजकर रखते हैं साय



हरिभूमि खास

बिलासपुर। जशपुर जिले की राजनीति में जूदेव परिवार के दखल से सभी वाकिफ हैं लेकिन इस परिवार से गहरा नाता रखने वाले छत्तीसगढ़ के नव नियुक्त मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के रिश्तों को कम लोग जानते हैं। श्री साय शपथ ग्रहण के एक दिन पहले जब राजधानी के जशपुर निवास पहुंचे तो लोगों ने उनकी जूदेव परिवार से आत्मीयता देखी। श्री साय ने स्व. दिलीप सिंह जूदेव की पत्नी श्रीमती माधवी सिंह से मिलकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद वे जूदेव परिवार की बड़ी बहू प्रियंवदा सिंह, शेष पेज 4पर

### जूदेव परिवार खुश

जूदेव परिवार के सदस्य विष्णुदेव के मुख्यमंत्री बनने से इसलिए खुश हैं कि वह इसे स्व. जूदेव के सपने को सच होना मानते हैं। पंच से लेकर मुख्यमंत्री के पद तक पहुंचने वाले विष्णु देव साय शेष पेज 4पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश में एक बार फिर से भाजपा की सरकार बनी है। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने आदिवासी नेता विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री की कमान सौंपी है। अब यहां पर शपथ ग्रहण समारोह साइंस कॉलेज मैदान पर बुधवार को आयोजित किया गया है। इसकी तैयारी मंगलवार की देर रात तक चलती रही। समारोह स्थल पर जिला प्रशासन के सारे अधिकारी और भाजपा नेता रात तक डटे रहे।

### 50 हजार से ज्यादा लोग होंगे शामिल

शपथ ग्रहण समारोह के लिए तीन विशाल मंच बनाए गए हैं। इसमें बीच के मंच में शपथ ग्रहण होगा तथा एक ओर अतिविशिष्ट आमंत्रित व्यक्तियों तथा दूसरी ओर नवनिर्वाचित विधायकों के लिए मंच बनाया गया है। इसके साथ ही कार्यक्रम स्थल में विशिष्ट अतिथियों, मीडिया प्रतिनिधियों और आमजनों के बैठने के लिए अलग-अलग सेक्टर बनाए गए हैं। ज्यादा से ज्यादा लोग शपथ ग्रहण को देख सके इसके लिए एलईडी स्क्रीन भी लगाई गई है। मैदान में 50 हजार से अधिक लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा व्यवस्था हेतु लगभग 1000 पुलिस जवान तैनात किए गए हैं।

### मोदी सहित ये केंद्रीय मंत्री भी आएंगे



*समारोह में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, मनसुख मंडाविया, केंद्रीय राज्य मंत्री रामदास अठावले, बिसेश्वर टुडू, के अलावा मुख्यमंत्रियों में उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा शर्मा, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत,* शेष पेज 4 पर



## मंत्रिमंडल का संभावित चेहरा




सूत्रों के अनुसार कैबिनेट में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय समेत आधा दर्जन विधायक पहली बार मंत्री बनाए जा सकते हैं। सात पुराने चेहरों पर भरोसा जताया जा सकता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव के अलावा जो पहली बार मंत्री बनाए जा सकते हैं उनमें अरुण साव, धरमलाल कौशिक, विजय शर्मा, ओपी चौधरी, किरण देव के नाम हैं। इसी के साथ पुराने चेहरों में अजय चंद्राकर, केदार कश्यप, बृजमोहन अग्रवाल या राजेश मूणत, रामविचार नेताम, अमर अग्रवाल, दयालदास बघेल, विक्रम उसेंडी, लता उसेंडी या रेणुका सिंह के नाम है। इनमें से दो या तीन वरिष्ठ विधायकों का नाम काटा जा सकता है।

### चौंका सकती है पार्टी

भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान में मुख्यमंत्री चयन में जिस तरह चौंकाया है, उससे एक संभावना इस बात की भी है कि कैबिनेट गठन में भी कुछ चौंकाने वाले नाम शामिल किए जा सकते हैं। कुछ वरिष्ठ और दिग्गज नेताओं के नाम काटे जा सकते हैं। कुछ वरिष्ठ विधायकों को लोकसभा लड़ाया जा सकता है और प्रदेशाध्यक्ष समेत दूसरी जिम्मेदारियां सौंपी जा सकती हैं।

### इनमें से चुने जा सकते हैं मंत्री




### साय ने भूपेश को दिया न्योता



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंगलवार को फोन कर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव और छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज को बुधवार को शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने का आमंत्रण दिया। इसके साथ ही राज्य शासन द्वारा सभी राजनीतिक पदाधिकारियों, विशिष्टजनों को आमंत्रित किया गया है।






### शपथ ग्रहण का साइड इफेक्ट

## दिल्ली से आने वाली चार फ्लाइट फुल, दो का किराया 24 हजार तक पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में गठित भाजपा की नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में देशभर से लोग शामिल होंगे। दिल्ली से रायपुर आने वाली चार फ्लाइट पहले ही पैक हो चुकी हैं और दो का किराया 22 से 24 हजार रुपए तक पहुंच गया है। इसके अलावा इंदौर-भोपाल से संचालित होने वाली उड़ानों में यात्री फुल हो चुके हैं। दूसरे अन्य शहरों से रायपुर आने वाले अन्य विमानों के लिए भी यात्रियों को ज्यादा किराया देना पड़ रहा है।



छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शपथ लेंगे। इसके लिए साइंस कालेज मैदान पर वृहद आयोजन किया गया है। आयोजन में शामिल होने के लिए दिल्ली, मध्यप्रदेश के साथ देश के अन्य राज्यों से भी लोगों के शामिल होने की संभावना बन रही है। समारोह का हिस्सा बनने लगभग सभी लोग बुधवार को राजधानी रायपुर पहुंचेंगे। इसका सीधा असर विभिन्न शहरों से संचालित होने वाली फ्लाइट के किराए पर पड़ा है। दिल्ली-रायपुर के बीच इंडिगो चार और विस्तारा एयरलाइंस दो फ्लाइट नियमित रूप से संचालित करती है। ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े सूत्रों के मुताबिक यहां से सुबह के शेड्यूल में आने वाली सभी फ्लाइट फुल हो चुकी है। और शाम में संचालित होने वाली दो उड़ानों का किराया भी आसमान पर पहुंच गया है। शाम पांच बजे रायपुर आने वाली फ्लाइट का फेयर 22 हजार तथा 8.45 बजे लैंड होने वाली फ्लाइट का किराया 24 हजार तक जा चुका है। इसके अलावा भोपाल और इंदौर से भी संचालित होने वाली नियमित फ्लाइट में भी यात्री फुल हो चुके हैं। दिल्ली तथा मध्यप्रदेश के साथ दूसरे और शहरों से भी लोगों के शपथ ग्रहण में शामिल होने आने की वजह से उनका किराया भी बढ़ा हुआ है।




## चिंतन

# नए चेहरों को कमान देकर भाजपा ने फिर चौंकाया

भाजपा ने एक बार फिर चौंकाया है। छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश व राजस्थान, तीनों ही राज्यों में नए चेहरे को मुख्यमंत्री बनाया है। पार्टी ने नए चेहरे को सीएम की कमान देकर एक साथ कई लक्ष्य साधे हैं। स्थापित चेहरों को संदेश दिया गया है कि दबाव की रणनीति का कोई फायदा नहीं है, सीएम पद किसी का विशेषाधिकार नहीं है, चुनाव सामूहिक रूप से लड़े जाते हैं, सभी विधायक समान हैं। सामान्य कार्यकर्ताओं को संदेश दिया गया है कि पार्टी में ईमानदारी से काम करने पर उनके लिए आगे बढ़ने की राह खुली हुई है, किसी भी नेता का लगातार जीत दर्ज करवाना ही किसी पद के लिए कोई बड़ा पैमाना नहीं है, बल्कि आम कार्यकर्ता और नेता की निष्ठा तथा समर्पण भी बेहद अहम है। आगे लोकसभा व विधानसभा चुनावों को देखते हुए सोशल इंजीनियरिंग का पूरा ध्यान रखा गया है। आदिवासी, ओबीसी व सवर्ण ब्राह्मण व राजपूत सबको प्रतिनिधित्व दिया गया है। विपक्ष की ओर से जाति जनगणना का राग अलापे जाने के बीच तीनों ही राज्यों में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष के चयन में जातिगत समीकरण का ध्यान रखा गया है। भाजपा ने उत्तर प्रदेश का फार्मूला सीएम के साथ दो डिप्टी सीएम तीनों ही राज्यों में अपनाया है, हालांकि छत्तीसगढ़ में छोटा राज्य होने के नाते दो डिप्टी सीएम की जरूरत नहीं थी। यूं तो संवैधानिक रूप से डिप्टी सीएम की बहुत बड़ी भूमिका शासन प्रणाली में नहीं है, लेकिन लोकतंत्र में प्रतिनिधित्व का संदेश देने व सत्ता समीकरण को साधने में यह पद उपयोगी है। कई बार असंतुष्टों को साधने के लिए भी डिप्टी सीएम बनाए जाते हैं। राजस्थान में भजनलाल शर्मा को सीएम, दीया कुमारी व प्रेमचंद बैरवा को डिप्टी सीएम और वासुदेव देवनानी को विधानसभा अध्यक्ष बनाया गया है। यहां ब्राहमण, राजपूत, अनुसूचित व सिंधी को प्रतिनिधित्व दिया गया है। शर्मा से पहले राजस्थान में ब्राह्मण समुदाय से आने वाले आखिरी मुख्यमंत्री हरिदेव जोशी थे। छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय को सीएम, अरुण साव व विजय शर्मा को डिप्टी सीएम व रमन सिंह को विधानसभा अध्यक्ष बनाया गया है। इस राज्य में आदिवासी, ओबीसी, ब्राह्मण व राजपूत की सोशल इंजीनियरिंग को साधा गया है। एक आदिवासी को सीएम बना कर भाजपा ने पड़ोसी राज्य झारखंड, ओडिसा व मध्य प्रदेश को साधा है। मध्य प्रदेश में मोहन यादव को सीएम, जगदीश देवड़ा व राजेन्द्र शुक्ला को डिप्टी सीएम तथा नरेंद्र सिंह तोमर को विधानसभा स्पीकर बनाया गया है। यहां ओबीसी, एससी, ब्राहमण व राजपूत के समीकरण को मजबूत किया गया है। तीनों ही राज्यों में ब्राह्मण व राजपूत को एक साथ साधा गया है। इस समीकरण का प्रभाव आगामी लोकसभा चुनाव में देखने को मिलेगा। तीनों ही नए चेहरे निर्विवाद व्यक्तित्व हैं, लोप्रोफाइल हैं, पार्टी के वफादार सिपाही हैं, संघ के करीबी हैं। इनके सीएम बनने से भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश का नया संचार हुआ है। नए गैर अनुभवी नेता के सीएम बनने से तीनों ही राज्यों में स्थापित नेताओं के बीच अंदरुनी गुटबाजी पर विराम गया गया है। नए नेता को सीएम बना कर भाजपा ने नेतृत्व की नई लाइन भी विकसित की है। पार्टी राज्यों में एक नेता के भरोसे नहीं रहेगी। लेकिन अब नए सीएम पर अपनी नेतृत्व क्षमता सिद्ध करने, भाजपा के संकल्प पत्र के वादों को पूरा करने, व सुशासन की महती व चुनौतपूर्ण जिम्मेदारी होगी।



सुप्रीम फैसला
आर.के. सिन्हा

जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को निरस्त किए जाने के केंद्र सरकार के फैसले को बरकरार रखने का फैसला सुनाकर उन लोगों को अच्छा-खासा झटका दे दिया, जो चाहते थे कि राज्य में पहले वाली व्यवस्था की बहाली हो जाए और उसे विशेष राज्य का दर्जा मिल जाए। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजों की फुल बेंच ने सर्वसम्मति से फैसला देते हुए जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को खत्म करने का फैसला बरकरार रखा। सुप्रीम कोर्ट के ताजा फैसले के बाद अब खूब जम्मू-कश्मीर राज्य देश की मुख्यधारा से जुड़कर जल्द ही विकास की बुलंदियों को छूने लगेगा

# 370 की बहाली चाहने वालों को झटका

सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को निरस्त किए जाने के केंद्र सरकार के फैसले को बरकरार रखने का फैसला सुनाकर उन लोगों को अच्छा-खासा झटका दे दिया, जो चाहते थे कि राज्य में पहले वाली व्यवस्था की बहाली हो जाए और उसे विशेष राज्य का दर्जा मिल जाए। किसी राज्य को खास कहना सरासर गलत और एक तरह से संविधान विरोधी है जो किसी राज्य को अलग अधिकार नहीं देता। देखा जाए तो सुप्रीम कोर्ट के फैसले से श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 'एक देश-एक विधान और एक निशान' की विचारधारा को भी स्वीकृति मिल गई और भारत के विघटन का सपना देखने वालों को करारा जवाब भी मिल गया। बेशक, धारा 370 को निरस्त करने का सारा श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को ही जाता है जिन्होंने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से सही मायनों में जम्मू-कश्मीर को देश की मुख्यधारा से जोड़ा है। मैं भी उन सौभाग्यशाली सांसदों की श्रेणी में हूं, जिन्होंने 2019 में राज्य सभा में अमित शाह के प्रस्ताव के पक्ष में वोट डाला था। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजों की फुल बेंच ने सर्वसम्मति से फैसला देते हुए जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को खत्म करने का फैसला बरकरार रखा। इस फैसले से सारा देश गदगद है। सिर्फ उन्हीं की छाती पर सांप लोट रहा है जो भारत की एकता और अखंडता को बना हुआ देखना नहीं चाहते। देश उनके इरादों को कभी सफल नहीं होने देगा। दुर्भाग्य की बात यह है कि इनमें कुछ सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील भी हैं, जो यह विरोध मात्र अपने कांग्रेसी आकाओं को खुश करने के लिए कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें यह पता है कि यदि सर्वोच्च न्यायलय ने कोर्ट के अवमानना का संज्ञान ले लिया तो वे बुरी तरह फसेंगे।

फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट के चीफ़ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा, "राष्ट्रपति शासन के दौरान राज्य की ओर से लिए गए केंद्र के फैसले को चुनौती नहीं दी जा सकती है। अनुच्छेद 370 युद्ध जैसी स्थिति में एक अंतरिम प्रावधान था। इसके टेक्स्ट को देखें तो भी पता चलता है कि यह पूर्णतः एक अस्थायी प्रावधान था।" इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के लिए आदेश जारी करने की राष्ट्रपति की शक्ति और लद्दाख को अलग केंद्र शासित प्रदेश बनाने के फैसले को वैध मानता है। अब यह मानकर चलिए कि जम्मू-कश्मीर का सर्वांगीण विकास और रफ्तार पकड़ लेगा। केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर में सबको विश्वास में लेकर ही आगे बढ़ना चाहती है। इसका प्रमाण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जम्मू-कश्मीर के 14 शिखर नेताओं से व्यक्तिगत रूप से मिल भी चुके हैं, जिनमें तत्कालीन राज्य के चार पूर्व मुख्यमंत्री भी शामिल हैं।

अफसोस होता है कि जम्मू-कश्मीर में धारा 370 को हटाने के सवाल पर कांग्रेस का रवैया बेहद निराशाजनक रहा है। कांग्रेस के नेता और राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह कहते रहे हैं कि केन्द्र में उनकी पार्टी की सरकार आएगी तो वे संविधान के अनुच्छेद 370 को पुनः बहाल कर देंगे। हालांकि, अब कांग्रेस के




नेता और जम्मू-कश्मीर के राजा रहे हरि सिंह के बेटे कर्ण सिंह ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है।

पर कांग्रेस के शिखर नेताओं जैसे राहुल गांधी और सोनिया गांधी को यह बताना होगा कि वे दिग्विजय सिंह की राय के साथ हैं या नहीं? अर्थात क्या कांग्रेस चाहती है कि जम्मू-कश्मीर में 5 अगस्त 2020 से पहले की व्यवस्था लागू हो? कांग्रेस के कई नेता चीख-चीखकर बेशर्मी से कहते रहे हैं कि धारा 370 को खत्म करना लोकतंत्र और संवैधानिक सिद्धांतों पर सीधा हमला है। यकीन मानिए कि जिस भाषा में दिग्विजय सिंह मांग करते रहे हैं, वही तो पाकिस्तान भी बोलता है। चीन भी यही चाहता है। चीन कहता रहा है कि जम्मू-कश्मीर से विशेष राज्य का दर्जा खत्म करना अवैध और अमान्य है। वह भारत के आंतरिक मामले में दखल देने से बाज नहीं आता। चीन ने भारत के धारा 370 को हटाने के कदम को 'अस्वीकार्य' करार दिया था। अगर बात पाकिस्तान की करें तो उसका तो अब रहा-सहा चैन भी खत्म हो गया है। जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा तो देर-सवेर मिल ही जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने इस तरह का देश को भरोसा दिया है, पर अब अनुच्छेद 370 इतिहास की गोद में चला गया है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले का राज्य के नेता जैसे महबूबा मुफ्ती और उमर अब्दुल्ला विरोध कर रहे हैं। उनसे यही उम्मीद भी थी। उन्हें बरगलाने वाली राजनीति के लिए कोई मसला रहा नहीं, पर उन्हें अब कौन पूछता है।

आखिर अनुच्छेद 370 में क्या खास बात थी जिसकी मांग कांग्रेस तथा कश्मीरी नेता करते रहे हैं? क्या यह सच नहीं है कि अनुच्छेद 370 राज्य को भारत से जोड़ने में विफल रहा था? अनुच्छेद 370 से ही कश्मीर में अलगाववाद बढ़ा था। क्यों वहां पर कभी अल्पसंख्यक आयोग नहीं बना? क्या वहां पर हिंदु, जैन, बौद्ध, ईसाई और सिख नहीं रहते? अनुच्छेद 370 से राज्य के अल्पसंख्यकों के साथ घोर अन्याय हुआ। क्यों अनुच्छेद 370 के दौर में वहां पर सरकारी नौकरियों में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों से संबंध रखने वालों को आरक्षण नहीं मिला?

शिक्षा का अधिकार देश की संसद ने दिया था पर जम्मू-कश्मीर के बच्चों को यह अधिकार नहीं था, क्योंकि वहां अनुच्छेद 370 लागू था। और तो और वहां इसी धारा 370 के कारण आरटीआई एक्ट तक लागू नहीं हो पाया था। बहरहाल, एक लंबे अंतराल के बाद अब जम्मू-कश्मीर से खुशनुमा बयार बहने लगी है। उसे सारा देश ही महसूस कर रहा है। भारत विरोधी नेता और शक्तियां अब जम्मू, कश्मीर और लद्दाख में अब पूरी तरह अप्रासंगिक होती जा रही हैं। जम्मू-कश्मीर में फिर से फिल्मों की शूटिंग के लिए बेहतर माहौल बनाया जा रहा है। बर्फ की चादर में लिपटी कश्मीर की हसीन वादियों को भारतीय फिल्मों को गुजरे सालों के दौरान खूब दिखाया गया है। कश्मीर में हर जगह फिल्म शूटिंग हो सकती है। यह एक सदाबहार शूटिंग स्थल है। यहां दुनियाभर के फिल्म निर्माताओं के लिए शूटिंग की पूरी संभावना है। बॉलीवुड के कई फिल्म निर्माता यहां कश्मीर में शूटिंग के लिए आना चाहते हैं। जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा दिन-रात राज्य के चौतरफा विकास को लेकर सक्रिय रहते हैं। उनसे मेरे खुद के बहुत घनिष्ठ व्यक्तिगत संबंध तब से जब वे बीएचयू छात्र संघ के अध्यक्ष हुआ करते थे। उन्हें जो जिम्मेदारी मिलती है, उसे वे पूरी लगन से पूरा करते हैं। वे बेहद अनुभवी, गंभीर और ईमानदार राजनेता हैं। सुप्रीम कोर्ट के ताजा फैसले के बाद अब खूब जम्मू-कश्मीर राज्य देश की मुख्यधारा से जुड़कर जल्द ही विकास की बुलंदियों को छूने लगेगा।

(लेखक राज्य सभा सांसद रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



झारखंड के देवघर में स्थित बाबा बैद्यनाथ मंदिर भगवान शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक, साथ ही साथ यहीं माता सती के 52 शक्तिपीठों में से एक जहां माता का हृदय विराजमान है, यह शक्तिपीठ हाद्रपीठ के रूप में जाना जाता है। इस मंदिर को देव शिल्पि विश्वकर्मा जी ने बनाया है और कुछ इतिहासकारों का कहना है कि अभी की संरचना सन 1496 में गिधौर (जिला - जमुई, बिहार) के राजा पूरनमल ने बैधनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण कराया था।

## क्षमा करें और भूल जाएं



संकलित
दर्शन

जीवन में हमें कई बार चुनौतियों और निराशाओं का सामना करना पड़ता है। जीवन में हमारा किसी न किसी ऐसी घटना से साक्षात्कार होता है, जो हमें पसंद नहीं होती या जिसके कारण हमें दुख होता है। जैसे किसी व्यक्ति ने हमारा किसी तरह अनुचित किया हो, शब्दों से हमें भावनात्मक रूप से दुख पहुंचाया हो या शारीरिक कष्ट पहुंचाया हो। परिणाम यह होता है कि हम निराश, दुखी और क्रोधित हो जाते हैं। जब तक हम किसी को क्षमा नहीं करते, तब तक हमारे साथ क्या होता है? हम हमेशा उसी घटना के बारे में सोचते रहते हैं या किसी और से भी उन बातों को दोहराते रहते हैं। कुछ लोग जिनका स्वयं पर नियंत्रण नहीं होता, वे शारीरिक रूप से उस व्यक्ति को हानि पहुंचाते हैं या अपना क्रोध किसी और पर निकालते हैं। ऐसा होने पर हम अपने चारों ओर नकारात्मक वातावरण पैदा कर लेते हैं। अपने मन की शांति खो देते हैं। कुछ क्षणों में घटित हुई घटना के लिए हम अपने जीवन के तमाम घंटे इस बात में लगा देते हैं कि उसका बदला कैसे लें। यदि हम इसके बजाय क्षमा कर दें तो हम इस समय का शांतिपूर्वक सदुपयोग कर सकते हैं। हम अपना ध्यान उस ओर लगाएं, जो आध्यात्मिक रूप से मददगार हो। जैसे कि पिता-परमेश्वर को याद करना, ध्यान-अभ्यास करना, निष्काम सेवा करना और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करना। आध्यात्मिक मार्ग पर ध्यान-अभ्यास में सफलता अपने मन को स्थिर करके अंतर में ध्यान टिकाने पर निर्भर है। *-संत राजिन्दर सिंह (आध्यात्मिक गुरु)*

## एक दिन का पुण्य ही क्यूँ



संकलित
प्रेरणा

निर्जला एकादशी से अगले दिन एक भिखारी एक सज्जन की दुकान पर भीख मांगने पहुंचा। भिखारी को प्यास भी लगी थी, वो बोला बाबूजी एक गिलास पानी भी पिलवा दो, गला सूखा जा रहा है। सज्जन व्यक्ति ने गुस्से में कहाः तुम्हारे बाप के नौकर बैठे हैं क्या हम यहां, पहले पैसे, अब पानी, थोड़ी देर में रोटी मांगेगा, चल भाग यहाँ से। भिखारी बोलाः बाबूजी गुस्सा मत कीजिये मैं आगे कहीं पानी पी लूंगा। कल आपने निर्जला एकादशी व्रत कथा का पाठ किया था, तथा कल इसी दुकान के बाहर मीठे पानी की छबील लगी थी और आप स्वयं लोगों को रोक रोक कर जबरदस्ती अपने हाथों से गिलास पकड़ा रहे थे, मुझे भी कल आपके हाथों से दो गिलास शर्बत पीने को मिला था। मैंने तो यही सोचा था, आप बड़े धर्मात्मा आदमी है, पर आज मेरा भरम टूट गया। कल की छबील तो शायद आपने लोगों को दिखाने के लिये लगाई होगी? मुझे आज आपने कड़वे वचन बोलकर अपना कल का सारा पुण्य खो दिया। मुझे करना अगर मैं कुछ ज्यादा बोल गया हूँ तो। सज्जन व्यक्ति को बात दिल पर लगी, उसकी नजरों के सामने बीते दिन का प्रत्येक दृश्य घूम गया। उसे अपनी गलती का अहसास हो रहा था। वह स्वयं अपनी गद्दी से उठा और अपने हाथों से गिलास में पानी भरकर उस बाबा को देते हुए उसे क्षमा प्रार्थना करने लगा। भिखारीः बाबूजी मुझे आपसे कोई शिकायत नही, परन्तु अगर मानवता को अपने मन की गहराइयों में नही बसा सकते तो एक-दो दिन किये हुए पुण्य कार्य व्यर्थ ही हैं।

## कॉप-28
अखिलेश आर्येन्दु



# सार्थक विकल्पों से ऊर्जा की जरूरतें पूरी करने की चुनौती

तीस नवम्बर से 12 दिसम्बर 2023 तक संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन की 28वीं सभा यानी कॉप 28 की बैठक दुबई में सम्पन्न हो गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस बैठक में शिरकत की और उच्च स्तरीय खंड का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारत जलवायु परिवर्तन प्रक्रिया के लिए संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क के प्रति प्रतिबद्ध है। हमने सतत विकास के लिए बेहतर जीवन शैली के सिद्धांत अपनाए हैं। हमने वैश्विक स्तर पर नवीकरणीय ऊर्जा को 3 फीसदी करने पर प्रतिबद्धता जताई है। उन्होंने कहा, भारत में दुनिया की 17 फीसदी आबादी रहती है, इसके बावजूद वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में 4 फीसदी से भी कम है। उनके सम्बोधन से यह बात निकल कर आई कि भारत नवीकरणीय ऊर्जा की तरफ अपनी प्रतिबद्धता से हटा नहीं है। गौरतलब है कि भारत ने साल 2023 तक ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए हाल ही में अगले पांच साल के लिए जो नई योजना तैयार की है उसके तहत अगले पांच साल में 500 मेगावाट गैर जीवाश्म आधारित बिजली उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसी के तहत अगले पांच साल में सालाना 50 मेगावाट अक्षय ऊर्जा उत्पादन क्षमता हासिल करने के लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं। दुबई में आयोजित कॉप बैठक कई मायने में अहम मुद्दों पर सार्थक परिणाम पर पहुंचने में सफल रही। कार्बन-उत्सर्जन से बचते हुए विकास-कार्यों को कैसे अंजाम दिया जा सकता है, इस पर दुनिया का मार्गदर्शन भारत ने बखूबी किया। दुनिया के वैज्ञानिकों के मुताबिक दुनिया के एक चौथाई कार्बन का उत्सर्जन फूड सेक्टर से होता है। दुनियाभर में बूचड़खानों से बहुत बड़ी तादाद में ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन होता है। अरबों लीटर पानी की बर्बादी होती है और अरबों टन खून कई तरह की गम्भीर समस्याएं पैदा करता है, इसलिए फूड सेक्टर से ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को प्रमुख विषय के रूप में चर्चा का विषय बनाया जाना बैठक की गंभीरता कही जाएगी। अमेरिका की मोंटाना स्टेट यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने अपने एक गहन अध्ययन में पाया कि धरती के बढ़ते तापमान से मानव जीवन पर जानलेवा बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ेगा। इससे डेंगू, चिकनगुनिया और दूसरी तमाम बीमारियों के बढ़ने से अनेक समस्याएं पैदा हो सकती हैं। डेंगू सरीखे अन्य मच्छर पैदा हो सकते हैं जिन्हें मारना मुश्किल होगा। दुनिया के कई देशों में सौर ऊर्जा से घरों, कारखानों और कार्यालयों में ही नहीं सड़कों के संकेतों को भी इससे चलाया जा रहा है। भारत में ऊर्जा जरूरतों में 4 प्रतिशत सौर ऊर्जा का उत्पादन किया जा रहा है। जिसका प्रयोग घरों में उजाला करने, टीवी, कम्प्यूटर चलाने और ऐसे ही छोटे-मोटे कार्यों में किया जा रहा है। देश में अभी 44,217 मेगावाट से ज्यादा नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन हो रहा है। वहीं पर जलविद्युत उत्पादन क्षमता 37,414 मेगावाट है। सौर ऊर्जा संय़ंत्र लगाने का कार्य भारत में तेजी से हो रहा है। उम्मीद की जानी चाहिए आने वाले वक्त में भारत जलवायु सम्मेलनों में हिस्सा लेने वाले सभी बड़े व विकसित देशों में इस दिशा में कुछ सालों में सबसे आगे बढ़कर दुनिया का मार्गदर्शन करता दिखाई देगा।

(लेखक वरिष्ठ चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मानवाधिकार दिवस का औचित्य

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 10 दिसंबर 1948 को पेरिस में एक घोषणा पत्र जारी किया था। इसमें मानवाधिकारों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए पहल की गई थी। इसमें यह चीजें थी कि दुनियाभर में किसी भी प्रकार का कोई भेदभाव न करते हुए सभी लोगों को बराबर अधिकार उपलब्ध करवाए जाएं। संयुक्त राष्ट्र ने 10 दिसंबर 1950 को मानवाधिकार दिवस मनाने की शुरुआत की थी। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को मानवाधिकारों के प्रति जागरूक करना है। इस वर्ष इस दिवस का थीम है– सभी के लिए स्वतंत्रता, समानता और न्याय। आज दुनिया में बहुत से देश ऐसे भी हैं जहां के नागरिक अधिकारों से वंचित हैं। इस दिवस का औचित्य तभी है, अगर वास्तव में ही सभी को मानवाधिकार मिल जाएं।
*–संतोष पुराणिक, बलौदा बाजार*

## करंट अफेयर

# म्यामां दुनिया का शीर्ष अफीम उत्पादक देश

संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी द्वारा मंगलवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक गृह युद्ध से प्रभावित म्यामां अफगानिस्तान को पीछे छोड़कर दुनिया का शीर्ष अफीम उत्पादक देश बन गया। मादक पदार्थ और अपराध संबंधी संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (यूएनओडीसी) ने अपने 'दक्षिण-पूर्व एशिया अफीम सर्वेक्षण 2023' में कहा कि म्यामां का अफीम उत्पादन अफगानिस्तान से भी अधिक है। तालिबान के शासन में आने के बाद अफगानिस्तान में अफीम के उत्पादन पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। यूएनओडीसी ने पिछले महीने कहा था कि तालिबान के प्रतिबंध के कारण अफीम पोस्ता की खेती में 95 प्रतिशत की गिरावट आई है। यूएनओडीसी की ताजा रिपोर्टzके मुताबिक, 2022 से 2023 के बीच म्यामां में अफीम की खेती का क्षेत्रफल 18 प्रतिशत बढ़कर 47,100 हेक्टेयर (1,16,400 एकड़) हो गया। रिपोर्ट के मुताबिक, अफीम की अनुमानित उपज 16 फीसदी बढ़कर 22.9 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर हो गई है, जो 2022 के पिछले रिकॉर्ड से अधिक है। इसमें कहा गया है कि म्यामां में हिंसक राजनीतिक उथल-पुथल से अफीम उत्पादन को बढ़ावा मिला है।



## ऑफ बीट

# कोआला को गर्मी से परेशानी होती है

आने वाले दिनों में हम ऐसी गर्मी की तैयारी कर रहे हैं, जो असमान्य रूप से गर्म होगी तो ऐसे में कोआला के बारे में भी सोचें। वे चिलचिलाती गर्मी में प्यार, भोजन और पानी की तलाश में इधर-उधर घूमेंगे। थैली में बच्चों को रखने वाली माँ कोआला विशेष रूप से असुरक्षित होती हैं। हमारी सड़कों को पार करने का प्रयास करते समय कई मार जाएंगे या घायल होंगे। कभी-कभी इस प्रक्रिया में बच्चे अनाथ हो जाते हैं, लेकिन वे ऑस्ट्रेलिया के पुनर्वास केंद्रों में से किसी एक में भले ही पहुंच जाएं, इन कोआला शिशुओं पर संभावित दाताओं और मीडिया जैसे नेक इरादे वाले आगंतुकों का दबाव हो सकता है। गर्म और शुष्क परिस्थितियाँ गोंद के पेड़ की पत्तियों को कम पौष्टिक बनाती हैं, इसलिए कोआला अतिरिक्त जल स्रोतों की तलाश करते हैं। कुछ बीमारियाँ उनकी किडनी को भी नुकसान पहुँचा सकती हैं, जिससे वे अधिक पानी पी सकते हैं। चूँकि निवास स्थान की हानि कोआला को हमारे शहरों में धकेल रही है, लोग अक्सर सड़कों पर, पार्कों में और कभी-कभी अपने पिछवाड़े में भी इन जंगली जानवरों का सामना करते हैं।



## ट्रेंड

### एकता का सशक्त संदेश



आर्टिकल 370 हटाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय ऐतिहासिक है, जो 5 अगस्त, 2019 को संसद में लिए गए फैसले पर संवैधानिक मुहर लगाता है। इसमें जम्मू, कश्मीर और लद्दाख के भाई-बहनों के लिए उन्नति और एकता का सशक्त संदेश है।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### सबसे सख्त कानून



आज सांसद अब तक के सबसे सख्त अवैध आव्रजन विरोधी कानून पर मतदान करेंगे। यह विधेयक हमें यह नियंत्रित करने की अनुमति देगा कि इस देश में कौन आता है। नावों को रोकने के लिए हमें इस बिल का समर्थन करना होगा।
**-ऋषि सुनक, ब्रिटिश पीएम**

### कार्बन उत्सर्जन बड़ी चुनौती



पर्यावरण के प्रति जागरूकता का अर्थ अधिक वृक्षारोपण से है। कार्बन का प्रचुर मात्रा में उत्सर्जन बड़ी चुनौती है, विषैली गैसें वातावरण को विषाक्त कर रही हैं। प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध उत्खनन नही होना चाहिए।
**-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु**

### टीम पर कुछ विचार



भारत में इंग्लैंड टीम पर कुछ विचार। मुझे डर है कि वे बल्लेबाज़ छोटे हैं और स्पिनर बहुत भारी हैं। मुझे यकीन नहीं है कि कोई स्पिनर 7वें नंबर पर बल्लेबाजी कर सकता है, जिसका मतलब है कि वे ज्यादातर मैचों में शायद 4 गेंदबाजों व रूट के साथ उतरेंगे।
**-हर्षा भोगले, क्रिकेट विशेषज्ञ**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

बिलासपुर
बुधवार, 13 दिसंबर 2023
अगहन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
वर्ष : 23, अंक : 292
पृष्ठ : 12+4 = 16 मूल्य : 4.00 ***

मौसम
अधि. 25.6
न्यून. 14.4

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


5
भारतीय महिला टीम इकलौते टेस्ट में...

विचार पेज
370 की बहाली चाहने वालों को झटका






लोकसभा में शाह ने पेश किए तीन नए विधेयक, नकली नोट पर कड़ा

# नकली नोट छापने, तस्करी करने वाले भी होंगे 'आतंकवादी', मिलेगी सजा-ए-मौत



**कौन-कौन आएंगे दायरे में**

- नकली भारतीय कागजी मुद्रा छापने वाले
- नकली नोट की तस्करी करने वाले
- नकली नोट को बाजार में चलाने वाले

*लोकसभा में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने तीन नए विधेयक पेश किए। इसमें सबसे बड़ा प्रहार नकली नोट पर किया गया है। केंद्र सरकार ने मंगलवार को 'आतंकवादी कृत्य' की कानूनी परिभाषा को नया रूप दिया है। इसमें जो लोग नकली भारतीय कागजी मुद्रा बनाने या तस्करी या संचलन के माध्यम से भारत की मौद्रिक स्थिरता को नुकसान पहुंचाकर देश को धमकी देते हैं, या धमकी देने की संभावना रखते हैं, उसे आतंकवादी कृत्य माना जाएगा। ऐसे दोषियों को सजा ए मौत या आजीवन कारावास की सजा दी जाएगी।*

## शाह ने पहले वापस लिए आपराधिक कानूनों की जगह लाए गए तीन विधेयक

### ये तीन नए विधेयक

- भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) विधेयक, 2023
- भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) विधेयक 2023
- भारतीय साक्ष्य (बीएस) विधेयक, 2023

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद की स्थायी समिति की ओर से सुझाए गए संशोधनों के मद्देनजर मंगलवार को लोकसभा में आपराधिक कानूनों से संबंधित तीन विधेयकों को वापस ले लिया और इनकी जगह नए विधेयक पेश किए। इन विधेयकों में भारतीय न्याय संहिता या बीएनएस में प्रस्तावित बदलावों में से एक हैं। इसमें नकली नोट पर कड़ा प्रहार किया गया है। शाह ने बताया कि विधेयकों पर गुरुवार 14 दिसंबर को होगी ▶▶ शेष पेज 4 पर

### इन्हें भी मिलेगी सजा

भारतीय न्याय संहिता या बीएनएस में प्रस्तावित बदलावों में से एक हैं। बीएनएस की धारा 113 के अनुसार, जो लोग नकली भारतीय कागजी मुद्रा बनाने या तस्करी या संचलन के माध्यम से भारत की मौद्रिक स्थिरता को नुकसान पहुंचाकर देश को धमकी देते हैं, या धमकी देने की संभावना रखते हैं, उसे आतंकवादी कृत्य माना जाएगा।

### किसे कितनी सजा

आतंकवादी कृत्य करने के लिए दोषी पाए जाने वालों को मौत या आजीवन कारावास की सजा दी जाएगी और जो लोग ऐसी कार्रवाई की साजिश रचते हैं या उकसाने का प्रयास करते हैं, या जानबूझकर आतंकवादी कृत्य को अंजाम देने में मदद करते हैं, उन्हें कम से कम पांच वर्ष या जीवनपर्यंत जेल की सजा का सामना करना पड़ सकता है।

### क्या होगा बदलाव

आईपीसी में अभी 511 धाराएं हैं। इसकी जगह पर भारतीय न्याय संहिता लागू होने के बाद इसमें 356 धाराएं बचेंगी। यानी 175 धाराएं बदल दी जाएंगी। 8 नई जोड़ी जाएंगी, 22 धाराएं खत्म होंगी। इसी तरह सीआरपीसी में 533 धाराएं बचेंगी। 160 धाराएं बदलेंगी, 9 नई जुड़ेंगी, 9 खत्म होंगी। पूछताछ से ट्रायल तक वीडियो कॉन्फ्रेंस से करने का प्रावधान होगा, जो पहले नहीं था। सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब ट्रायल कोर्ट को हर फैसला अधिकतम 3 साल में देना होगा। देश में 5 करोड़ केस पेंडिंग हैं। इनमें से 4.44 करोड़ केस ट्रायल कोर्ट में हैं। इसी तरह जिला अदालतों में जजों के 25,042 पदों में से 5,850 पद खाली हैं। तीनों बिल जांच के लिए संसदीय कमेटी के पास भेजे गए हैं। इसके बाद इन्हें लोकसभा और बाद में राज्यसभा से पास कराया जाएगा।

### इधर, राहुल बोले- भाजपा मुद्दों से भटकाना चाहती है

मंगलवार को संसद में जाने से पहले राहुल गांधी ने अमित शाह के नेहरू को लेकर दिए बयान पर पलटवार किया। उन्होंने कहा- नेहरू जी ने इस देश के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। वे सालों तक जेल में थे। अमित शाह जी इतिहास नहीं जानते। मुझे उम्मीद नहीं है कि उन्हें इतिहास पता होगा, क्योंकि वह इतिहास को फिर से लिखते रहते हैं। राहुल ने कहा- यह सब ध्यान भटकाने वाली बात है, मूल मुद्दा जाति जनगणना और भागीदारी का है।

# पाकिस्तानी आर्मी बेस पर हमला, 23 सैनिकों की मौत



एजेंसी ▶▶ पेशावर

उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में बड़ा आतंकी हमला हुआ है। बताया जा रहा है कि यह एक आत्मघाती हमला था। आतंकियों ने डेरा इस्माइल खान जिले के दाराबा इलाके में विस्फोटक से भरी कार को एक इमारत से टकरा दिया। इस हमले में 23 सैनिकों की मौत हो गई है। जबकि 34 सैनकि घायल रहे हैं। डेरा ▶▶ शेष पेज 4 पर

- फिदायीन हमले में 34 सैनिक घायल

### 4 आतंकी हुए ढेर

आतंकियों ने एक पुलिस स्टेशन और आर्मी बेस को निशाना बनाया है। इस हमले में 24 सैनिकों के मारे जाने की खबरें हैं। जियो न्यूज के मुताबिक सुरक्षा बलों ने गोलीबारी के दौरान चार आतंकवादियों को भी मार गिराया। इससे पहले खबर आई थी कि हमले में तीन पुलिस अधिकारी मारे गए हैं। एएफपी ने एक अधिकारी के हवाले से बताया कि कई लोगों की मौत तब हुई जब वो सो रहे थे और आम कपड़ों में थे।

पहली बार विधायक बने भजनलाल राजस्थान के नए सीएम

# छत्तीसगढ़, मप्र के बाद राजस्थान में चौंकाया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/जयपुर

तीन राज्यों में भाजपा ने शानदार जीत के बाद मुख्यमंत्री के लिए नए फार्मूले अपनाकर सबको चौंका दिया। छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय, मध्य प्रदेश में मोहन यादव के बाद भाजपा ने राजस्थान में भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री के लिए चुना है। छत्तीसगढ़ में आदिवासी चेहरे को सामने लाया, मप्र में ओबीसी को कमान सौंपी। इसके बाद भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने ब्राह्मण कार्ड खेला है, जिसका असर राजस्थान के अलावा उत्तर भारत समेत देश के कई राज्यों में देखने को मिल सकता है। आरएसएस से जुड़े और पहली बार के विधायक भजनलाल शर्मा राजस्थान के नए मुख्यमंत्री होंगे। भाजपा विधायक दल की मंगलवार शाम यहां हुई बैठक में शर्मा को विधायक दल का नेता चुना गया। इसके साथ ही राज्य में नए मुख्यमंत्री को लेकर कई दिनों से चल रही अटकलों पर विराम लग गया। पार्टी द्वारा विधायक प्रेमचंद बैरवा व दीया कुमारी को राजस्थान का उपमुख्यमंत्री बनाने की घोषणा की गई है। शर्मा से पहले राजस्थान में ब्राह्मण समुदाय से ▶▶ शेष पेज 4 पर

### मप्र में आज शपथ ग्रहण

मोहन यादव बुधवार को यहां मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह राज्य की राजधानी के लाल परेड ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित अन्य लोगों के शामिल होने की संभावना है।

# इसरो 2040 तक चंद्रमा पर भेजेगा पहला अंतरिक्ष यात्री

**तिरुवनंतपुरम।** चंद्रयान-3 मिशन की ऐतिहासिक सफलता के बाद इसरो 2040 तक चंद्रमा पर पहली बार भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने की अपनी योजना पर जोर-शोर से काम कर रहा है। बेंगलुरु स्थित अंतरिक्ष एजेंसी वर्तमान में देश के पहले मानवयुक्त मिशन गगनयान पर काम कर रही है। जिसका उद्देश्य अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की निचली कक्षा में भेजना और उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाना है।

अंतरिक्ष विभाग के सचिव का खुलासा



### ऐसे मिशन की तैयारी

कुछ महत्वाकांक्षी आगामी मिशन का जिक्र करते हुए अंतरिक्ष विभाग के सचिव ने कहा कि इनमें लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी), पुनः इस्तेमाल वाला प्रक्षेपण यान (आरएलवी) कार्यक्रम, एक्स-रे एस्ट्रोनोमी मिशन एक्सपीओएसएटी (एक्स-रे पोलारिमीटर सैटेलाइट), स्पेस डॉकिंग प्रयोग और एलओएक्स-मीथेन इंजन शामिल हैं। एक साथ, ये परिवर्तनकारी पहल भारत के अंतरिक्ष अन्वेषण, वैज्ञानिक प्रगति को बढ़ावा देने की दिशा में एक नयी अंतरिक्ष गाथा को परिभाषित करती हैं।

# भारत ने एफबीआई से खालिस्तानियों से जुड़ी जानकारी साझा करने को कहा

**नई दिल्ली।** अमेरिका खुफिया और सुरक्षा एजेंसी संघीय जांच ब्यूरो के प्रमुख क्रिस्टोफर ए. रे एनआईए के मुख्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने एनआईए के महानिदेशक दिनकर गुप्ता के साथ व्यापक चर्चा की। बैठक के दौरान भारत ने उनसे खालिस्तानियों से जुड़ी जानकारी साझा करने को कहा। एनआईए ने यह भी बताया कि बैठक के दौरान एफबीआई प्रमुख से उत्तरी अमेरिकी देशों (कनाडा) में रहने वाले सभी खालिस्तान समर्थकों के बारे में खुफिया जानकारी साझा करने को कहा है।

एनआईए चीफ से कई मुद्दों पर चर्चा



### इन मुद्दों पर भी चर्चा

बैठक के दौरान आतंकवादी-संगठित आपराधिक नेटवर्क के कृत्यों और गतिविधियों, सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमले में अमेरिका में चल रही जांच, विभिन्न प्रकार के आतंक और साइबर अपराधों की जांच सहित कई मुद्दों पर स्पष्ट और व्यापक चर्चा हुई। इस दौरान एनआईए प्रमुख ने संगठित आपराधिक सिंडिकेट के सदस्यों के साथ आतंकवादी संगठनों और आतंकवादी तत्वों के बीच हो रही सांठगांठ के बारे में भी विस्तार से वार्ता की।

अब तक स्कूलों में छात्र को जमा करने होते थे आवेदन

# 23 साल बाद बदले गए नियम, स्कूलों की जरूरत खत्म, ओपन स्टूडेंट खुद भर सकेंगे फॉर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

राज्य ओपन बोर्ड द्वारा परीक्षा फॉर्म संबंधित नियमों में बदलाव किया गया है। ओपन बोर्ड की परीक्षा में शामिल होने के लिए अब छात्रों को स्कूलों में आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी। छात्र सीधे ओपन बोर्ड की वेबसाइट में जाकर आवेदन कर सकते हैं। राज्य बनने के बाद पहली बार छात्रों को यह सुविधा दी जा रही है। शैक्षणिक सत्र 2023-24 से यह व्यवस्था लागू की जा रही है। अब तक छात्रों को राज्य ओपन बोर्ड द्वारा तय किए गए स्कूलों में जाकर आवेदन करना होता था। छात्रों द्वारा दिए गए आवेदन की ऑनलाइन एंट्री स्कूलों द्वारा की जाती थी। अब छात्रों के लिए ओपन स्कूल की वेबसाइट में पोर्टल तैयार ▶▶ शेष पेज 4 पर

- सत्र 2023-24 से ऑनलाइन की गई व्यवस्था छात्रों के लिए बनाया गया पोर्टल




### सीमित हैं अध्ययन केंद्र

बोर्ड द्वारा ओपन स्कूल की परीक्षाओं के लिए अध्ययन केंद्र के रूप में स्कूलों का चयन किया जाता है। छात्रों को आवेदन इन्हीं स्कूलों में करने होते हैं। प्रायोगिक व सैद्धांतिक परीक्षाएं भी इन्हीं स्कूलों में होती हैं। इन अध्ययन केंद्रों की संख्या सीमित है। प्रत्येक जिले में 2 से 3 अध्ययन केंद्र ही होते हैं। इसलिए आवेदन करने के लिए छात्रों को लंबी दूरी तय करने के साथ कतार में भी लगना पड़ता था। नई व्यवस्था से अब इन समस्याओं से राहत मिलेगी।

### 10वीं-12वीं दोनों के लिए

ओपन स्कूल ने हाईस्कूल और हायरसेकंडरी दोनों ही कक्षाओं के लिए यह व्यवस्था की है। गौरतलब है कि ओपन स्कूल की परीक्षाएं साल में दो बार आयोजित की जा रही हैं। छात्र पूरे वर्ष इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। अधिक से अधिक छात्र इसमें शामिल हो सकें तथा उन्हें बेहतर सुविधाएं मिले, इसके लिए व्यवस्था में बदलाव किया गया है।




धार्मिक

डा. जे. आर. सोनी

## गुरू बाबा घासीदास जी का असीस मंगल चौका आरती में



बाबा गुरूघासीदास जी ने गिरौदपुरी की पहाड़ियों पर दिव्यज्ञान की प्राप्ति के पश्चात उन्होंने भंडारपुरी को अपना कर्मस्थली बनाया। यहां से 3 किमी की दूरी पर ऐतिहासिक ग्राम तेलासी है। यहां सतनाम धर्म की दीक्षा का प्रथम सूत्रपात हुआ था। अपने हजारों अनुयायियों के साथ बाबाजी ने दूर-दूर की यात्राएं भी की और संपूर्ण महाकौशल में इस धर्म को फैला दिया। उनके स्वर्गारोहण के समय तक इस पंथ में दीक्षित लोगों की संख्या दो करोड़ पहुंच गई थी। गुरू घासीदास बाबा अमर कथाएं बड़े मनोरंजक ढंग से सत्संग में सुनाया करते थे। समाज में किसी के घर पुत्र होने पर, शादी-विवाह या नौकरी में प्रवेश होने पर मंगल चौका आरती का आयोजन किया जाता है। रात में खाना खाने के बाद घर के आंगन के बीच में आटे का चौक पुर कर बीच में कलश स्थापना कर उसके चारों ओर संगीत के साथ गायन व वादन किया जाता है। मंगल गान रात भर चलता है। इस बीच गायन दल को शबद नाम कहा जाता है, जिसमें दोहे-साखी भी समाहित होते हैं। रात भर कलश जलता रहता है। सतनामियों में यह भी मान्यता है कि जिस घर में मंगल गायन चौका आरती होता है, वहां किसी भी प्रकार का अदृश्य आत्मा व भूत प्रेत का वास नहीं होता है। एक शबद देखें-

सारनाम सतगुरू बानी, सारनाम बिरले कोई जानी
सार नाम अधि अंश समाना सत हे गरजीन गंधीतारा
सतनाम के मेधीन माला सतनाम के जपे जूपाए
कोटिन काल भयेजर छारा हिरा हंसा
लिए उबारा साहेब गुरू सतनाम

पुस्तक समीक्षा

## अमरइया हे मन भावन



कृति के नाव
अमरइया हे मन भावन

कृतिकार
राजेन्द्र प्रसाद सिन्हा

प्रकाशक
पुष्पगंधा प्रकाशन कवर्धा

समीक्षक
उमाशंकर क्रोधी

मूल्य
एक सौ पचास रूपए

कोनो भी कृति होवय वोकर शीर्षक ले साफ हो जथे, कि कृति ह कतका अच्छा पाठक के मन में छाप छोड़ सकत हे। अइसने सुघ्घर शीर्षक 'अमरइया हे मन भावन' ने समझ आ जथे कि हमर आंचलिक संस्कृति के झलक किताब म देखे ल मिलही। आप मन 75 कविता ल ऐ किताब म जगा देहो। जेमा पोरा तिहार, जेठउनी तिहार बेटी माई के तीजा तिहार संग पानी अनमोल होथे सोना जइसे रंग हे तोर बसंत रितु म, बेटी, मजदूर, राखी के लाज, बिन पानी सब सून, दाइज, जइसे कतको गीत ल सुग्घर ढंग ले अपन कृति म जगा दे हव। एक नवा प्रयोग घलो आपके काव्य में समाहित दिखथे।
देखन ऐ पंक्ति ल-
दाई ददा के सेवा बजावत, सब के सनमान बचाना हे
सबो धरम के इजजत करके, अपन धरम करम चलाना हे।



ग्राम पंडरिया के समीप भुरकुंड पहाड़ से आगर नदी का उद्गम एवं लंबी दूरी के साथ शिवनाथ नदी का संगम का दृश्य मनोहारी होता है। महत्व बहुत अधिक है। महात्मा गुरू घासीदास जी के ज्येष्ठ पुत्र महान संत अमरदासजी इस स्थान के महत्व को पहचान कर अपने प्रवास के दौरान यहां पर सत्संग और प्रवचन किया करते थे। काफी अंतराल के बाद समाज के चिंतकों ने महान संत अमरदास की स्मृति को अक्षुण्य बनाए रखने के उद्देश्य से इस स्थान का नाम 'अमर टापू' घोषित किया।

# संत अमरदास की स्मृति में अमर टापू

छत्तीसगढ़ अंचल के जिला बिलासपुर तहसील मुंगेली के ग्राम मोतिमपुर का प्राकृतिक संरचना के साथ धार्मिक और सामाजिक आस्था का केन्द्र भी है। ग्राम पंडरिया के समीप भुरकुंड पहाड़ से आगर नदी का उद्गम एवं लंबी दूरी के साथ शिवनाथ नदी का संगम का दृश्य मनोहारी होता है। महत्व बहुत अधिक है। महात्मा गुरू घासीदास जी के ज्येष्ठ पुत्र महान संत अमरदासजी इस स्थान के महत्व को पहचान कर अपने प्रवास के दौरान यहां पर सत्संग और प्रवचन किया करते थे। काफी अंतराल के बाद समाज के चिंतकों ने महान संत अमरदास की स्मृति को अक्षुण्य बनाए रखने के उद्देश्य से इस स्थान का नाम 'अमर टापू' घोषित किया। इस स्थल पर गुरूघासीदास जी की जयंती पर गुरू पर्व के रूप में एक दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है। इस पुण्य स्थल पर आकर श्रद्धालु अपने को पुण्य समझते हैं। इसके अलावा भर भक्तों का आना-जाना यहां लगा रहता है। महान संत गुरूघासीदास जी के स्मरण को जीवंत बनाए रखने के लिए यहां एक सुंदर मंदिर का निर्माण भी किया गया है। यह स्थल अब भक्तों के लिए आस्था का केन्द्र बन गया है।



ऐतिहासिक : हनुमंत नायडू

# छत्तीसगढ़ का खजुराहो भोरमदेव



पर्यटन : दीनदयाल साहू


भगवान शिव का अलौकिक धाम भोरमदेव मंदिर छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में स्थित है। मैकल पर्वत समूह के बीच में बना यह मंदिर खजुराहो और कोणार्क के मंदिर के समान है, इसलिए इसे 'छत्तीसगढ का खजुराहो' भी कहा जाता है। 11वीं शताब्दी में नागवंशी राजा गोपाल देव ने यह मंदिर बनवाया था। इस क्षेत्र के गोंड आदिवासी और गोंड राजाओं के देवता भोरमदेव थे, जो भगवान शिव के उपासक थे। भोरमदेव, शिवजी का ही एक नाम है, इसलिए इस मंदिर का नाम भोरमदेव पड़ा। कबीरधाम जिले के चौरागांव में स्थित भोरमदेव मंदिर का इतिहास 10वीं से 12वीं शताब्दी के बीच कलचुरी काल का माना जाता है। मंदिर का निर्माण 1089 ई. में फणी नागवंशी शासक गोपाल देव ने करवाया था। नागर शैली में बने इस मंदिर की बाहरी दीवारों पर शानदार नक्काशी के साथ ही मैथुन मूर्तियां उकेरी गई हैं। इन्हीं के चलते भोरमदेव मंदिर की तुलना मध्यप्रदेश के खजुराहो के मंदिर और स्थापत्य कला के चलते ओडिशा के सूर्य मंदिर से की जाती है।

जनजाति विशेष

लक्ष्मी नारायण लहरे 'साहिल'

## बिंझवार समाज की कुल देवी हैं विंध्यवासिनी

**आवश्यकता है-** थोक दवाई एजेन्सी में कार्य करने हेतु ड्रायवर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सेल्समैन, माल निकालने, पैक करने लड़के/ लड़की चाहिए (12वीं पास भी चलेगा) पता- गायत्री मेडिकल एजेन्सी, मेडिकल काम्पलेक्स, तेलीपारा बिलासपुर **(32146)**

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM

## बेचना

**बेचना है-** बाईपास सकरी लोखण्डी 6लेन पर बिलासपुर नगर निगम सीमा से 1किमी फ्रंट 220 फिट रकबा 2.37 एकड़ डायवर्टेड प्लाट सर्व सुविधायुक्त 12डिस बेचना है। संपर्क करें 7389665370 (ब्रोकर सम्पर्क न करें) **(32097)**

**बेचना है-** यदुनन्दन नगर तिफरा के विभिन्न हिस्सों में डायवर्टेड प्लॉट कीमत 550 से 1100 रुपए में एवं 26 लाख में 2BHK मकान, 2:67 लाख छूट। सम्पर्क करें- रविन्द्र पाटनवार 9753311111 **(31558)**

**बेचना है-** DPS स्कूल एवं बस स्टैंड बिलासपुर से 1.5km जीएसटी आफिस से लगा 80' चौड़ी घुरु अमेरी रोड पर नवनिर्मित वीनस अपार्टमेंट में सर्वसुविधायुक्त 2/3BHK फ्लैट्स सेल/रेंट पर उपलब्ध, सम्पर्क- 9340090620 7898918151 **(31649)**

**बेचना है-** कानन पेंडारी के पास लगभग 160 फार्म हाउस के कैम्पस में कांटातार से घिरा गेट लगा 9127 वर्गफुट (कृषि+ आवासीय) उपयोगी पानी कनेक्शनयुक्त फार्म हाउस 28लाख में। नोट- कैम्पस में सोसायटी के सदस्यों हेतु कॉमन स्विमिंगपुल, गार्डन, मंदिर, AC रूम, बेडमिंटन कोर्ट इत्यादि सुविधाएँ उपलब्ध। संपर्क- राजेश श्यामनानी 9827168452, 93006 25174 **(32136)**

**बेचना है-** शांति नगर TNC 40×60 उत्तर मुखी प्लॉट 3200/- फुट एवं मोपका गुलाब नगर के सामने 120फुट अंदर साइड रोड सेमी कॉमर्शियल 60×60 प्लॉट 3300/- फुट बेचना है। सम्पर्क- 9827168452, 9300625174 **(32164)**

**बेचना है-** सकरी बिलासपुर आसमा कॉलोनी के सामने TNC एप्रूव्ड, सुविधाए अंडर ग्राउंड इलेक्ट्रीफिकेशन, ड्रेनेज लैंडस्केप गार्डन टेम्पल 1265, 1411, 1485, 1600, 1800 वर्गफुट में पूर्व पश्चिम मुखी। फाइनेन्स उपलब्ध सम्पर्क- 9981116611 **(32160)**

**बेचना है-** अग्रसेन चौक पास सेमी कामर्शियल 3मंजिला दुकान छत सहित 35लाख, तेलीपारा दरबार लाज के पीछे 3मंजिला दुकान 41लाख, करबला मेन रोड 3मंजिला दुकान 65लाख सम्पर्क मनीष जगवानी 9827180010 जगवानी कंस्ट्रक्शन **(32087)**

**बेचना है-** Alaska Homes पूर्ण विकसित कालोनी में ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल बहतराई के पास मेन रोड बिजौर बिलासपुर में स्थित 2/3/4BHK डुप्लेक्स, TNC, रेरा रजिस्टर्ड कालोनी, बैंक फाईनेन्स सम्पर्क करें- 7089999550, 70499 99550 **(31237)**

**बेचना है-** मेन रोड सरकंडा से फीट साइड रोड में स्टेट बैंक के ठीक सामने 16×110= 1670 स्क्वायर फीट में तीन मंजिला मकान बेचना है सम्पर्क करें- 9300669599 **(32165)**

**बेचना है-** बिलासपुर तिफरा ओवर ब्रिज से 5 मिनट की दूरी पर T&C Approved सर्वसुविधायुक्त कालोनी आशियाना होम्स में नवनिर्मित 2BHK स्वतंत्र मकान बेचना है सम्पर्क करें- 7869990301 **(32157)**

**बेचना है-** छेरका बांधा रतनपुर में 7 एकड़ का फार्म अतिशीघ्र बेचना है। सम्पर्क करें- 97703 90199 **(32139)**

## वाहन बेचना है

**वाहन बेचना है-** 12 चक्का टाटा हाइवा 2021 मॉडल डबल क्राउन उल्टी कमानी 70-80% टायर बेचना है टोटल 20 गाड़ी लेने के लिए सम्पर्क करें- 9827125712, 7000459189 **(32154)**

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

## व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000- 50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोना पत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर 9993444253, 83599 13999, रायगढ़- 78697 55871 **(2284)**

## चिकित्सा

**चिकित्सा-** विषेश छूट जांच मात्र 300 रुपए में शुगर, बीपी, थायरायड, सामान्य रोगों के लिए सम्पर्क करें- डॉक्टर एस.के. दत्ता समाधान नर्सिंग होम राजीव गाँधी चौक बिलासपुर **(32104)**

## टॉवर

**टॉवर-** Daimend ऑफर छत्तीसगढ़ वासियों अपनी खाली जमीन छत प्लॉट पर 4G/ 5G टावर लगवाये एडवांस 7000000/- किराया 60000/- 2 नौकरी सरकार द्वारा रेजिस्ट्रेट कंपनी Employs संपर्क करें- 06397308856 **(2321)**

### सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि समाचार मे प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जांच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवाये के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये गये किसी भी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

### हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु संपर्क करें

- शिवम एड एजेंसी एण्ड पब्लिसिटी:-मो. 9993567380, 8770837744
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:-मो.9827168452, 9300625174
- रिद्धी-सिद्धी एडवरटाइजर्स एण्ड पब्लिसिटी:-मो.9826129386
- जे.जे.एडवरटाइजर्स:-मो.9300659628
- भार्गव एडवरटाइजर्स:-मो.9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:-मो.9826705603
- एड प्रयास:-मो.9826701269, 9926003943
- एम.जी.आर.एडवरटाइजर्स:-मो.9827180896, 9131155033
- रौनक पब्लिसिटी:-मो.9300328290, 9981658490
- श्री श्याम पब्लिसिटी:-मो.9425540759
- अमित पब्लिकेशन:-मो.9826304304,9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:-मो.9302462506
- माधवास & कम्पनी:-मो.9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:-मो.9827466133, 9907047586

Medicare Specialists

गुप्त रोगी स्वयं मिले

शादी से घबराहट गुप्त रोग
- शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
- शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
- लिंग में ढ़ीलापन, छोटापन, पतलापन
- लिंग में टेढ़ापन
- वीर्य में शुक्राणु की कमी
- बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
- पेशाब में धातु जाना
- शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी

मशीनों द्वारा जांच
अचूक दवाओं का सम्पूर्ण मिश्रण आपकी परेशानी का मात्र 1 दिन में सम्पूर्ण ईलाज
संपर्क डॉ. अहमद
जे.जे. हॉस्पिटल
होटल आशीष इंटरनेशनल जी.ई.रोड पॉवर हॉऊस बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन: सुबह 9 से शाम 7 बजे
रविवार 9 से 4 बजे तक
9098889899

ईलाज की गारंटी पैसा ठीक होने के बाद

- गुप्त रोग नामर्दी, लिंग में छोटापन।
- शीघ्र पतन पेशाब से धातु जाना।
- लिंग में ढीलापन, शुक्राणु की कमी।
- शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी।
- आयुर्वेदिक द्वारा खोई हुई शक्ति पुन: प्राप्त करें।
- चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।
- नि:संतान दम्पत्ति आज ही मिले।

आज ही संपर्क करें
श्रीकांत आयुर्वेदिक जड़ीबुटी भण्डार
दुर्ग में शॉप नं. 16, पारख कॉम्पलेक्स, पेट्रोल पम्प के सामने, ग्रीन चौक
रायपुर में स्टेशन रोड, सीमरन होटल के सामने
9174440077
9009330088

# सिर्फ 3 भारतीय खिलाड़ियों का बेस प्राइस 2 करोड़, हर्षल और उमेश पर अनसोल्ड का खतरा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के ऑक्शन में 333 खिलाड़ियों का नाम है। इनमें से 214 भारतीय खिलाड़ी हैं और केवल 3 का बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये है। ये खिलाड़ी हर्षल पटेल, शार्दुल ठाकुर और उमेश यादव हैं। हर्षल पटेल को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने रिलीज कर दिया है। 2022 में मेगा ऑक्शन में उन्हें 10.75 करोड़ में खरीदा गया था। शार्दुल ठाकुर और उमेश यादव को कोलकाता नाइट राइडर्स ने रिलीज किया। शार्दुल को पिछले साल कोलकाता ने दिल्ली कैपिटल्स से 10.75 करोड़ रुपये में ट्रेड किया था। उमेश यादव को 2 करोड़ रुपये में खरीदा था। अब देखना यह है कि 19 दिसंबर को जब ऑक्शन होगा तब क्या फ्रेंचाइजी हर्षल पटेल और उमेश यादव के लिए बोली लगाएंगी। इन दो खिलाड़ियों पर अनसोल्ड रहने का खतरा मंडरा रहा है।*

## टीम इंडिया से बाहर हैं उमेश

दाएं हाथ के 36 साल के तेज गेंदबाज उमेश यादव का टीम इंडिया से भी पत्ता कट चुका है। आईपीएल 2023 में केकेआर के लिए उनका प्रदर्शन खराब रहा। उन्होंने 8 मैचों में सिर्फ 1 विकेट लिया। आईपीएल में उन्होंने 141 मैच में 136 विकेट लिए हैं। टूर्नामेंट में उनका प्रदर्शन बहुत प्रभावी नहीं रहा है। आईपीएल 2022 उनका अच्छा रहा था। 16 विकेट लेने की वजह उनकी टीम इंडिया की लिमिटेड ओवर्स सेटअप में वापसी हुई थी। इसके बाद वह टेस्ट सेट अप से बाहर हो गए। ऐसे में वह अनसोल्ड रह सकते हैं।

## पर्पल कैप जीत चुके हैं हर्षल

हर्षल पटेल के लिए इंडियन प्रीमियर लीग 2021 शानदार रहा था। उन्होंने 32 विकेट लिए थे और पर्पल कैप अपने नाम किया था। 2022 के मेगा ऑक्शन में फ्रेंचाइजी ने उन्हें अपने साथ जोड़ने के लिए 10.75 करोड़ रुपये खर्च किया था। 2022 टी20 वर्ल्ड कप के बाद से वह टीम से बाहर हैं। 33 साल के खिलाड़ी ने आईपीएल 2023 में 13 मैच में 14 विकेट लिए थे।



## दिल्ली कैपिटल्स ने किए सबसे ज्यादा खिलाड़ी रिलीज

आईपीएल की नीलामी से पहले दिल्ली कैपिटल्स दूसरी ऐसी फ्रेंचाइजी है जिसने सबसे ज्यादा खिलाड़ियों को रिलीज किया है। दिल्ली की टीम ने 11 खिलाड़ियों को रिलीज किया था, जिसके बाद नीलामी में ये फ्रेंचाइजी खाली पड़े 9 स्लॉट को भरना चाहेगी। दिल्ली कैपिटल्स चाहेगी कि ऑक्शन में मध्य क्रम और निचले क्रम को भरा जाए। दिल्ली ने दो बाएं हाथ के गेंदबाजों मुस्तफिजुर रहमान और चेतन साकरिया व कमलेश नागरकोटी को भी रिलीज किया है। राइली रूसो और रोवमन पॉवेल को भी रिलीज कर दिया। ऐसे में उनका लोअर ऑर्डर अब कमजोर नजर आ रहा है।

### ऑक्शन से पहले दिल्ली की टीम

ऋषभ पंत, डेविड वार्नर, मिचेल मार्श, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, इशांत शर्मा, पृथ्वी शॉ, खलील अहमद, ललित यादव, प्रवीण दुबे, मुकेश कुमार, यश ढुल, विक्की ओस्तवाल, अभिषेक पोरेल, एनरिक नॉर्खिया, लुंगी एनगिडी।

## आरआर के पर्स में सिर्फ 14 करोड़ 50 लाख

## राजस्थान की नजर तेज गेंदबाज और मिडिल ऑर्डर बल्लेबाजों पर

*पिछले साल आईपीएल में प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करने में नाकाम रही राजस्थान रॉयल्स इस साल अपनी सारी कामियों को दूर करने की कोशिश में है। ऑक्शन में राजस्थान की नजर मुख्य तौर पर मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज, ऑलराउंडर्स और तेज गेंदबाजों पर होगी। राजस्थान ने अपने नौ खिलाड़ियों को रिलीज किया। ऑक्शन में जाने से पहले राजस्थान रॉयल्स के पर्स में सबसे कम पैसा है। यह टीम महज 14 करोड़ 50 लाख रुपए के साथ अपनी टीम की जरूरतों को पूरा करने उतरेगी।*

*राजस्थान रॉयल्स के पास 8 खिलाड़ियों की जगह है। इसमें से तीन विदेशी खिलाड़ियों के लिए हैं। ऑलराउंडर के लिए डेरिल मिचेल, न्यूजीलैंड के जिम्मी नीशम पर तथा टीम किसी भारतीय को इस जगह के लिए चुनती है तो शार्दुल ठाकुर पर दांव लगा सकती हैं।*

### रिलीज किए गए खिलाड़ी

देवदत्त पडिक्कल (ट्रेड), जो रूट, जेसन होल्डर, केसी करिअप्पा, मुरुगन अश्विन, अब्दुल बासित, आकाश वशिष्ठ, ओबेड मैकॉय, केएम आसिफ, कुलदीप यादव

**ऑक्शन से पहले पूरी टीम**
संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जयसवाल, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, डोनोवन फरेरा, कुणाल राठौड़, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप सेन, नवदीप सैनी, प्रसिद्ध कृष्णा, संदीप शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, युजवेंद्र चहल, एडम ज़म्पा, अवेश खान (एलएसजी से)।

---

क्रिकेट: कल से नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स एकेडमी में भिड़ेंगी दोनों टीमें

# भारतीय महिला टीम इकलौते टेस्ट में इंग्लैंड को टक्कर देने तैयार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय महिला क्रिकेट टीम को टी-20 सीरीज में इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ 1-2 से हार मिली है। अब दोनों टीमें 14 दिसंबर से शुरू होने वाले इकलौते टेस्ट में आपस में भिड़ेंगी, जिसमें हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में मेजबान टीम बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगी।

यह टेस्ट नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स एकेडमी में खेला जाएगा। बता दें कि टी-20 सीरीज में हिस्सा लेने वाले ज्यादातर खिलाड़ियों को टेस्ट टीम में भी बरकरार रखा गया है। विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका भाटिया भी टीम में चुनी गई हैं।



### रेणुका की अगुवाई में होगी गेंदबाजी

दिग्गज गेंदबाज झूलन गोस्वामी के संन्यास लेने के बाद अब रेणुका ठाकुर भारतीय तेज गेंदबाजी विभाग की अगुवाई करेंगी। रेणुका ने हाल ही में सम्पन्न हुई टी-20 सीरीज में कमाल का प्रदर्शन किया था। उनके अलावा मेघना सिंह, युवा तितास साधु और ऑलराउंडर पूजा वस्त्राकर अन्य तेज गेंदबाजी विकल्प हैं। ऑफ स्पिन ऑलराउंडर स्नेह राणा भी टेस्ट टीम में वापस लौटी हैं। अनकैप्ड सतीश शुभा को भी टीम में मौका मिला है।

### ऐसी है इंग्लैंड की टेस्ट टीम

हीदर नाइट की कप्तानी में इंग्लैंड ने टेस्ट के लिए मजबूत टीम चुनी है। टीम में टैमी ब्यूमोंट और सोफी एक्लेस्टोन जैसी अनुभवी खिलाड़ी मौजूद हैं। एक्लेस्टोन टी-20 सीरीज में भी खेलती हुई नजर आई थी।

**इंग्लैंड की टेस्ट टीम:** हीदर नाइट (कप्तान), एमी जोन्स (विकेटकीपर), बेस हीथ (विकेटकीपर), नेट साइवर-ब्रंट, डेनियल व्याट, टैमी ब्यूमोंट, सोफिया डंकले, एलिस कैप्सी, सोफी एक्लेस्टोन, एम्मा लैंब, चार्ली डीन, लॉरेन बेल, केट क्रॉस और लॉरेन फिलर।

### भारत ने 15 में से सिर्फ 2 टेस्ट जीते

अब तक भारत और इंग्लैंड की टीमें कुल 15 टेस्ट में आपस में भिड़ी हैं, जिसमें से इंग्लैंड ने सिर्फ 1 मैच जीता है। भारत को 2 में जीत मिली है। इनके अलावा 12 टेस्ट ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। दिलचस्प रूप से पिछले 3 टेस्ट भिड़ंत में से 2 में भारत जीता है और 1 टेस्ट ड्रॉ रहा है। दोनों टीमें आखिरी बार 2021 में ब्रिस्टल टेस्ट में आपस में भिड़ी थी, जो ड्रॉ रहा था।



## नेपाल को हराकर भारत पहुंच सेमीफाइनल में

**दुबई।** तेज गेंदबाज राज लिम्बानी ने 13 रन देकर सात विकेट लिये जिसकी मदद से भारत ने नेपाल को दस विकेट से हराकर अंडर 19 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। नेपाल को 22.1 ओवर में सिर्फ 52 रन पर आउट करने के बाद हरफनमौला अर्शिन कुलकर्णी नाबाद 43 रन के शानदार प्रदर्शन की मदद से भारत ने सिर्फ 7.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। पिछले मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से आठ विकेट से हारी भारतीय टीम को नॉकआउट चरण में पहुंचने के लिये आखिरी लीग मैच हर हालत में जीतना था। पहले दोनों मैच हारकर नेपाल पहले ही दौड़ से बाहर हो चुका था।

**ऐसा रहा भारतीय टीम का प्रदर्शन :** बड़ौदा के 18 वर्ष के तेज गेंदबाज लिम्बानी ने किसी भी नेपाली बल्लेबाज को टिकने ही नहीं दिया। लिम्बानी का यह प्रदर्शन हालांकि अंडर 19 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में किसी भारतीय गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं है।

# भारत जूनियर हॉकी टीम विश्व कप सेमीफाइनल में

### कल जर्मनी से होगा मुकाबला



एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए भारतीय टीम ने जूनियर हॉकी विश्व कप में नीदरलैंड जैसी मजबूत टीम को 4-3 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। भारतीय टीम बृहस्पतिवार को सेमीफाइनल में जर्मनी से खेलेगी। आखिरी क्वार्टर में रोहित ने लगातार छह पेनल्टी कॉर्नर बचाये और उन्हें इस शानदार प्रदर्शन के लिये प्लेयर आफ द मैच चुना गया।

### दोनों टीमों के इन खिलाड़ियों दागे गोल

हाफटाइम तक डच टीम 2-0 से आगे थी लेकिन उसके बाद भारत ने वापसी की और दूसरे हाफ में चार गोल दागे। नीदरलैंड के लिये टिमो बोएर्स, पेपिन वान डेर हेडेन और ओलिवियर होर्टेनसियस ने गोल किये। भारत के लिये आदित्य लालागे, अराइजीत सिंह हुंडल, आनंद कुशवाह और कप्तान उत्तम सिंह ने गोल दागे।

### ऐसा रहा मैच का रोमांच

नीदरलैंड टीम ने पहले ही क्वार्टर में पेनल्टी कॉर्नर बनाया जिसे बोएर्स ने गोल में बदला। दूसरे क्वार्टर के पहले ही मिनट में वान डेर हेडेन ने दूसरे पेनल्टी कॉर्नर को तब्दील करके टीम को 2-0 की बढत दिला दी जो हाफटाइम तक बनी रही। तीसरे क्वार्टर में भारत के अराइजीत सिंह ने लालागे के गोल में सहायक की भूमिका निभाई। पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में तब्दील करके स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। तीसरे क्वार्टर में ही डच टीम ने फिर एक गोल दागकर बढ़त बनाई लेकिन वह काम न आई।

## साउथ अफ्रीका ने 5 विकेट से जीता दूसरा टी-20 : भारत के खिलाफ सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई

**पोर्ट एलिजाबेथ।** साउथ अफ्रीका ने भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज का दूसरा मुकाबला 5 विकेट से जीत लिया है। बारिश से प्रभावित इस मैच में अफ्रीकी टीम को **DLS** मैथड के तहत 15 ओवर में 152 रन का संशोधित लक्ष्य मिला था, जिसे अफ्रीकी बैटर्स ने महज 13.5 ओवर में 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। टीम इंडिया ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.3 ओवर में 7 विकेट पर 180 रन बनाए। इस जीत से साउथ अफ्रीका ने 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। पहला मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। सीरीज का तीसरा मुकाबला 14 दिसंबर को जोहान्सबर्ग में होगा।

**हेंड्रिक्स-मार्करम की पारी, सूर्या-रिंकू की फिफ्टी पर भारी :** भारतीय टीम की ओर से कप्तान सूर्यकुमार यादव (56 रन) और रिंकू सिंह ने (68 रन) ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं। सूर्या ने 17वां, जबकि रिंकू सिंह ने पहला अर्धशतक जमाया, लेकिन ये अर्धशतक टीम को जीत नहीं दिला सके। जवाबी पारी में रीजा हेंड्रिक्स (49 रन) ने मैथ्यू ब्रीट्जकी (16 रन) के साथ तेजी से रन बनाए। उसके बाद कप्तान ऐडन मार्करम ने 30 रन की अहम पारी खेली। फिर डेविड मिलर और ट्रिस्टन स्टब्स ने टीम को जीत दिला दी।

## खबर संक्षेप



### अश्विनी-तनीषा की जोड़ी रैंकिंग में 24वें स्थान पर

**नई दिल्ली।** पिछले दो सप्ताह से शानदार प्रदर्शन कर रही भारतीय महिला बैडमिंटन युगल टीम अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो ताजा बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में चार पायदान चढकर 24वें स्थान पर पहुंच गई। 34 वर्ष की अश्विनी और 20 वर्ष की तनीषा ने इस साल जनवरी में साथ खेलना शुरू किया था। दोनों ने रविवार को गुवाहाटी मास्टर्स में चीनी ताइपै की सुंग शुओ युन और यू चियेन हुइ को सीधे गेम में हराकर दूसरा सुपर 100 खिताब और तीसरा महिला युगल खिताब जीता। दोनों लखनऊ में सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 टूर्नामेंट में उपविजेता रही थी। अब उनके 16 टूर्नामेंटों में 44590 अंक हैं। भारत की ही गायत्री गोपीचंद और त्रिसा जॉली 19 टूर्नामेंटों में 49435 अंक के साथ 19वें स्थान पर हैं। लक्ष्य सेन पिछले दो सप्ताह से नहीं खेलने के बावजूद एक पायदान चढ़कर 17वें स्थान पर हैं।

### सीईओ पद से हट जायेंगे डब्ल्यूटीए चेयरमैन सिमोन

**वाशिंगटन।** डब्ल्यूटीए ने मंगलवार को घोषणा की कि स्टीव सिमोन महिला टेनिस टूर में अपनी मुख्य कार्यकारी अधिकारी की जिम्मेदारियां छोड़ देंगे जबकि कार्यकारी चेयरमैन की भूमिका में बने रहेंगे। डब्ल्यूटीए के शीर्ष पदों में आगामी बदलाव में एक नये सीईओ को नियुक्त किया जायेगा जो सिमोन को रिपोर्ट करेगा।


**कार्यालय नगर पंचायत देवकर, जिला- बेमेतरा (छ. ग.)**
cmodeokar@gmail.com

क्र./ 441 / लो.नि.वि./ न.पं. दे. / 2023-24 — देवकर दिनांक 08.12.2023

मैनुअल पद्धति निविदा सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से श्रमिक प्रदाय हेतु अधिकृत निर्माता से निविदा आमंत्रण द्विलिफाफा पद्धति से अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है।

1. कोरा निविदा हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि - 15.12.2023 कार्यालयीन समय में।
2. कोरा निविदा जारी करने की अंतिम तिथि - 20.12.2023 कार्यालयीन समय में।
3. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 28.12.2023 समय 3.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि - 28.12.2023 शाम 4.00 बजे।

| क्र. | कार्य का विवरण | श्रमिकों की संख्या | अनुमानित लागत राशि (रूपयें लाख में) | अमानत राशि | ठेकेदार का वर्ग | निविदा प्रपत्र शुल्क | निविदा प्रपत्र | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्लेसमेंट में श्रमिक प्रदाय कार्य विभिन्न शाखाओं हेतु | 20 | 8.35 | 6500 | सक्षम श्रेणी | 750/- | प्रपत्र बी | 03 माह |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञाप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेब साईट http://uad.cg.gov.in पर देखी जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत, देवकर



**इंडियनऑयल** IndianOil
CIN-L23201MH1959GOI011388
विपणन प्रभाग

**आईओसीएल (विपणन प्रभाग) में अप्रेंटिस अधिनियम, 1961 के तहत ट्रेड/तकनीशियन/स्नातक अप्रेंटिस की नियुक्ति हेतु अधिसूचना**

इंडियनऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत का एक सबसे बड़ा वाणिज्यिक उपक्रम और फॉर्च्यून ''ग्लोबल 500'' कंपनी राष्ट्र के लिए कौशल निर्माण पहल के रूप में **भारत के राज्यों और केंद्रशासित प्रदेश (UTs), (तमिलनाडु एवं पुदुच्चेरी, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, गोवा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव केंद्रशासित प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा, झारखंड, असम, सिक्किम, अंडमान एवं निकोबार द्वीप केंद्रशासित प्रदेश, त्रिपुरा, नागालैंड, मिजोरम, मेघालय, मणिपुर और अरुणाचल प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ केंद्रशासित प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर केंद्रशासित प्रदेश, लद्दाख केंद्रशासित प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड)** में अपने स्थानों पर **तकनीशियन तथा ग्रेजुएट एवं ट्रेड अप्रेंटिस (तकनीकी एवं गैर-तकनीकी)** को नियुक्त करने का प्रस्ताव करता है।

विज्ञापन का पूरा विवरण मानदंड सहित आयु, योग्यता, छूट, रियायत, आरक्षण आदि हमारी कॉर्पोरेट वेबसाइट **https://www.iocl.com/apprenticeships** पर प्रकाशित की गई है।

**आवेदन कैसे करें:** निर्धारित योग्यता मानदंडों को पूरा करने वाले इच्छुक उम्मीदवार **16.12.2023 को 10:00 hrs** से उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि **05.01.2024 17:00 hrs** है।

कोई भी अनुवर्ती अधिसूचना/विषय-वस्तु में संशोधन केवल हमारी कॉर्पोरेट वेबसाइट **https://www.iocl.com/apprenticeships** पर अधिसूचित किया जाएगा।

**नोट: अप्रेंटिस को नियमित रोजगार देने की कॉर्पोरेशन की कोई बाध्यता नहीं होगी। अप्रेंटिस के पास अप्रेंटिसशिप के दौरान तथा कार्यकाल समाप्त होने के पश्चात कभी भी नियमित रोजगार के लिए दावा करने का कोई अधिकार नहीं होगा। इस अप्रेंटिसशिप से आईओसीएल पर अप्रेंटिस को नौकरी प्रदान करने की कोई बाध्यता नहीं होगी।**

विज्ञापन सं.: **IOCL/MKTG/APPR/2023-24**



**बैंक ऑफ महाराष्ट्र Bank of Maharashtra** भारत सरकार का उद्यम — एक परिवार एक बैंक
शाखा: जांजगीर (छ.ग) ईमेल- brmgr1754@mahabank.co.in
प्रधान कार्यालय: लोकमंगल, 1501, शिवाजीनगर, पुणे- 411005

AX49/SARFAESI/13(4)/AFAB/2023-24 — दिनांक- 13/12/2023

**कब्जा सूचना (अचल संपत्ति हेतु) परिशिष्ट- IV {रूल-8 (1)}**

अधोहस्ताक्षरी ने **बैंक ऑफ महाराष्ट्र** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पूर्णगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13(12), सपठित नियम 3 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित **उधारकर्ता- मेसर्स आस्था फ्लाई ऐश ब्रिक्स, प्रो: श्रीमती दुरपति बाई** पति श्री शरवन बरेठ, दिनांक **20.07.2023** को डिमांड नोटिस जारी किया, जिसमें ऋणि को देय नोटिस में उल्लेखित **राशी- 1. नगद ऋण खाता बकाया- रू. 3,14,526/- (रूपये तीन लाख चौदह हजार पांच सौ छब्बीस मात्र) 2. अवधि ऋण खाता बकाया- रू. 9,86,509/- (रूपये नौ लाख छियासी हजार पांच सौ नौ मात्र) 3. जीईसीएल खाता बकाया- रू. 3,16,304/- (रूपये तीन लाख सोलह हजार तीन सौ चार मात्र)** + अनुप्रयुक्त ब्याज @ 2% व अन्य खर्चे दिनांक 20.07.2023 से प्रभावी, **कुल राशि- रू. 17,16,339/-(रूपये सत्रह लाख सोलह हजार तीन सौ उनतीस मात्र)** + अनुप्रयुक्त ब्याज @ 2% व अन्य खर्चे दिनांक 20.07.2023 से प्रभावी, **उपरोक्त उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के** भीतर जमा करने के लिए कहा गया था। नोटिस पंजीकृत डाक / भौतिक रूप द्वारा दिया गया था।

ऋणी द्वारा राशि के भुगतान करने में असफल हो जाने पर ऋणी एवं आम जनता को एतद् द्वारा नोटिस दिया जाता है कि उपरोक्त कथित अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम के नियम 8 के अधीन, निम्न हस्ताक्षरकर्ता ने उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित संपत्ति को दिनांक **08.12.2023** को कब्जा में ले लिया है।

ऋणी को विशेष रूप से एवं आम जनता को एतद् द्वारा सावधान किया जाता है कि इस संपत्ति बाबत् कोई व्यवहार न करें और इस संपत्ति के बाबत् किये गये व्यवहार पर **बैंक ऑफ महाराष्ट्र** को देय राशि जो उपर दर्शाया गया है उसके अध्यधीन होगें।

देनदारों का ध्यान रक्षित संपत्ति को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय हेतु अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

**अचल संपत्ति का विवरण -**
सामयिक बंधक भूमि एवं भवन - खसरा नंबर 714/3,713/1, प.ह नंबर 21, ग्राम - पचेड़ा, जिला - जांजगीर-चांपा, छत्तीसगढ़ में क्षेत्र - 7848 वर्ग फुट परस्थित संपत्ति, मालिकाना हक - श्रीमती दुरपति बाई बरेठ। **सीमाएं :उत्तर -** खुरानालाल एवं अभिहरण की भूमि, **पूर्व -** सुदकी की भूमि, **दक्षिण -** कृष्णलाल की भूमि, **पश्चिम -** सड़क।

दिनांक: 13.12.2023, स्थान-जांजगीर — प्राधिकृत अधिकारी एवं मुख्य प्रबन्धक



**बैंक ऑफ महाराष्ट्र Bank of Maharashtra** भारत सरकार का उद्यम — एक परिवार एक बैंक
शाखा: जांजगीर (छ.ग) ईमेल- brmgr1754@mahabank.co.in
प्रधान कार्यालय: लोकमंगल, 1501, शिवाजीनगर, पुणे- 411005

AX49/SARFAESI/13(4)/SKB/2023-24 — दिनांक- 13/12/2023

**कब्जा सूचना (अचल संपत्ति हेतु) परिशिष्ट- IV {रूल-8 (1)}**

अधोहस्ताक्षरी ने **बैंक ऑफ महाराष्ट्र** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पूर्णगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13(12), सपठित नियम 3 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित **उधारकर्ता- श्री श्रवण कुमार बरेठ** पिता श्री बुधराम बरेठ एवं **सह-उधारकर्ता- श्रीमती दुरपति बाई बरेठ** पति श्री श्रवण कुमार बरेठ, दिनांक **01.02.2023** को डिमांड नोटिस जारी किया, जिसमें ऋणि को देय नोटिस में उल्लेखित **राशी- रू. 7,41,251/- (रूपये सात लाख इकतालीस हजार दो सौ इक्यावन मात्र) + 01/02/2023 तक अप्रयुक्त ब्याज रू. 15,979/- (रूपये पंद्रह हजार नौ सौ उनहत्तर मात्र), कुल राशी- रू. 7,57,230/- (रूपये सात लाख सत्तावन हजार दो सौ तीस मात्र) + ब्याज @ संविदात्मक दर व अन्य खर्चे दिनांक 02.02.2023** से प्रभावी, उपरोक्त उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर जमा करने के लिए कहा गया था। नोटिस पंजीकृत डाक / भौतिक रूप द्वारा दिया गया था।

ऋणी द्वारा राशि के भुगतान करने में असफल हो जाने पर ऋणी एवं आम जनता को एतद् द्वारा नोटिस दिया जाता है कि उपरोक्त कथित अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम के नियम 8 के अधीन, निम्न हस्ताक्षरकर्ता ने उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित संपत्ति को दिनांक 08.12.2023 को कब्जा में ले लिया है।

ऋणी को विशेष रूप से एवं आम जनता को एतद् द्वारा सावधान किया जाता है कि इस संपत्ति बाबत् कोई व्यवहार न करें और इस संपत्ति के बाबत् किये गये व्यवहार पर **बैंक ऑफ महाराष्ट्र** को देय राशि जो उपर दर्शाया गया है उसके अध्यधीन होगें।

देनदारों का ध्यान रक्षित संपत्ति को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय हेतु अधिनियम की धारा

**अचल संपत्ति का विवरण -**
सामयिक बंधक भूमि एवं भवन स्थित खसरा नंबर 10, प. ह नंबर-55, ग्राम-धूरकोट, तहसील-जांजगीर, जिला-जांजगीर-चांपा, छत्तीसगढ़, क्षेत्रफल 3488 वर्गफीट. भवन संरचना के साथ-साथ उस पर निर्मित क्षेत्र 4361 वर्गफीट में 2 मंजिलों के साथ 7 कमरे और सभी फिक्स्चर शामिल हैं, मालिकाना हक -श्री श्रवण कुमार बरेठ, **सीमाएं :- उत्तर:** सुकाली की भूमि, **पूर्व:** जानकीबाई की भूमि, **पश्चिम:** सड़क, **दक्षिण:** बहराटा की भूमि।

दिनांक: 13.12.2023, स्थान-जांजगीर — प्राधिकृत अधिकारी एवं मुख्य प्रबन्धक



**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड**
**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (सं./ सं.) संभाग बिलासपुर**

क्र. : - का. अभिं./ सं./ सं./ संभाग / 5989 /बिलासपुर, दिनांक : 12.12.2023

**-: बिजली बंद की सूचना :-**

समस्त सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि आवश्यक कार्य हेतु दर्शाये गये 33 के. व्ही. फीडर का उल्लेखित दिनांक को विद्युत प्रवाह बंद रहेगा। इसका समय आवश्यकतानुसार घटाया या बढ़ाया जा सकता है, असुविधा के लिए खेद है।
समय :- दोपहर 12 बजे से लेकर दोपहर 03 बजे तक।

| क्र. | दिनांक | 33 के.व्ही. सीपत एवं खम्हरिया फीडर | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1. | 14.12.2023 | 33 के.व्ही. सीपत एवं खम्हरिया फीडर | सीपत एवं खम्हरिया सब-स्टेशन से निकलने वाले सभी 11 के.व्ही. फीडर |

संवाद-39082

कार्यपालन अभियंता ( सं. / सं.) संभाग
छ.स्टे.पा.डि.कं.लिमि., बिलासपुर






**कार्यालय नगर पालिका परिषद कटघोरा, जिला - कोरबा (छ.ग.)**

क्रमांक/ 1938 / तक शा. / न.पा.प. / 2023 — कटघोरा, दिनांक 12-12-2023

**मेन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका कटघोरा द्वारा नीचे वर्णित निर्माण कार्य हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग रायपुर द्वारा प्रचलित एस.ओ. आर. दिनांक 01.01.2015 एवं इलेक्ट्रीकल एस.ओ.आर. 01.06.2020 से प्रभावशील दर अनुसूची पर (निविदा खोलने के दिनांक तक समस्त संशोधनो के साथ) कम अधिक या समान दर पर निविदा प्रपत्र 'अ' पर त्रिलिफाफा पद्धति से पंजीकृत डाक/ स्पीडपोस्ट द्वारा अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि - 28.12.2023 कार्यालयीन समय 5.30 बजे
2. आवेदन परीक्षण उपरांत निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि - 02.01.2024 कार्यालयीन समय 5.30 बजे
3. पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट से निविदा पहुचने की अंतिम तिथि - 08.01.2024 कार्यालयीन समय 4.00 बजे
4. निविदा खोलने की तिथि - 10.01.2024 कार्यालयीन समय 4.30 बजे

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि ( लाख रू.) | अमानत राशि (टी.डी.आर.) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्वच्छ भारत मिशन के तहत् वार्ड क्र. 08 में आकांक्षीय शौचालय निर्माण कार्य | 16.92 | 12690/- | 750/- | 6 माह |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से या छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास के वेब साईट www.uad.cg.gov.in डाउनलोड किया जा सकता है।

// जल है तो कल है // प्लास्टिक कैरी बेग का उपयोग न करें / / स्वच्छ नगर स्वस्थ नागरिक //

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद कटघोरा




**खबर संक्षेप**

## नई सरकार के शपथ ग्रहण के दिन ही कांग्रेस विधायक दल की बैठक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी की नई सरकार के मुख्यमंत्री और उनका मंत्रिमंडल शपथ ले रहा है। वहीं प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने भी अपने विधायक दल की बैठक रखी है। राजधानी रायपुर के राजीव भवन में दोपहर 2 बजे कांग्रेस के 35 नवनिर्वाचित विधायक बैठक में शामिल होंगे। राष्ट्रीय कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन और प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा भी इस बैठक में शामिल होंगी। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने जानकारी दी कि विधायक दल की बैठक में कांग्रेस विधायक दल का नेता चुने जाने की संभावना है। बैठक में प्रदेश में पार्टी की हार की समीक्षा के साथ ही आने वाले 5 वर्षों के लिए रणनीति तैयार की जाएगी। विधानसभा चुनाव के बाद पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव के लिए रणनीति तैयार करेगी। बैठक में कांग्रेस के प्रभारी सचिव सप्तगिरी उल्का, चंदन यादव सहित प्रदेश कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में चुनाव में हार के बाद पार्टी पदाधिकारियों द्वारा पार्टी विरोधी सार्वजनिक बयान को लेकर भी निर्णय लिया जा सकता है।

## शपथ ग्रहण समारोह के मद्देनजर होटलों की जांच

**रायपुर।** राजधानी के साइंस कॉलेज मैदान में बुधवार को राज्य के नए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने पद और गोपनीयता की शपथ लेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह सहित कई केंद्रीय मंत्री रायपुर पहुंच रहे हैं। राजधानी में प्रधानमंत्री, गृह मंत्री सहित केंद्रीय मंत्रियों के आगमन को देखते हुए पुलिस ने सोमवार को शहर के होटल, लॉज का औचक निरीक्षण किया। साथ ही होटल में ठहरे मुसाफिरों के बारे में जानकारी मांगी। पुलिस टीम ने शहर के अलग-अलग संवेदनशील इलाकों में पहुंचकर सघन जांच अभियान चलाया।

# सीएम के शपथ ग्रहण समारोह के लिए रूट व पार्किंग व्यवस्था तय

### दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक आम लोगों के आवागमन के लिए बंद रहेगा आरकेसी-बलौदाबाजार मार्ग

हरिभूमि न्यूज: रायपुर

छत्तीसगढ़ के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर पुलिस प्रशासन ने एमआईपी, वीवीआईपी, वीआईपी सहित अन्य भाजपा नेताओं के शपथ ग्रहण समारोह स्थल तक जाने-आने का मार्ग से लेकर पार्किंग व्यवस्था निर्धारित कर ली है। इसके तहत साइंस कॉलेज का मुख्य मार्ग आरकेसी चौक से लेकर बलौदाबाजार मार्ग दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक आम लोगों के आवागमन के लिए पूरी तरह से बंद रहेगा। गाड़ियों की पार्किंग के लिए भी अलग-अलग स्थल तय किए गए हैं। इसमें अतिविशिष्ट अतिथियों के लिए समारोह स्थल के बगल में पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया, छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, सह प्रभारी निितन नबीन सहित अनेक राज्यों के मुख्यमंत्री और वरिष्ठ नेता शामिल होने आ रहे हैं। इसे देखते हुए पुलिस प्रशासन ने कार्यक्रम स्थल पर सुगम सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए मार्ग एवं पार्किंग व्यवस्था निर्धारित की है।

**एमआईपी पार्किंग व्यवस्था कार्यक्रम स्थल के बगल में-** शपथ ग्रहण समारोह के दौरान मंच पर उपस्थित रहने वाले अतिविशिष्ट अतिथियों के लिए समारोह स्थल के बगल में पार्किंग व्यवस्था की गई है। अतिविशिष्ट अतिथियों की गाड़ियों को रायपुरा चौक से गोल चौक, डीडी नगर मार्ग होकर हॉस्टल तिराहा से समारोह स्थल में प्रवेश कराकर कार्यक्रम स्थल के बगल में एमआईपी पार्किंग में पार्क कराया जाएगा। **मंत्री-विधायकों की फैमिली के लिए ऑडिटोरियम में पार्किंग की व्यवस्था-** शपथ समारोह में पहुंचने वाले मंत्रियों व विधायकों के परिजनों के लिए दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। इसके लिए गाड़ियों को रायपुरा चौक से गोल चौक, डीडी नगर मार्ग होकर हॉस्टल तिराहा से प्रवेश कराया जाएगा।

**वीवीआईपी गाड़ियों की पार्किंग की व्यवस्था बस डिपो, हॉस्टल, विप्र कॉलेज व यूनिवर्सिटी में-** वीवीआईपी अतिथियों की गाड़ियों की पार्किंग के लिए सेक्टर 1, 2, 3 एवं 4 में व्यवस्था की गई है। वीवीआईपी अतिथियों की गाड़्यां टाटीबंध चौक से जीई रोड होकर कार्यक्रम स्थल तक जाएंगी। कार्यक्रम स्थल पर वीवीआईपी को छोड़कर गाड़ियां जीई रोड स्थित बस डिपो और यूनिवर्सिटी मेन गेट से प्रवेश कराकर विप्र कॉलेज परिसर में पार्क होंगी। इसी प्रकार सेक्टर-2 एवं सेक्टर-3 से प्रवेश करने वाली वीवीआईपी गाड़ियों को रायपुरा चौक से गोल चौक, डीडी नगर होकर हॉस्टल तिराहा स्थित हॉस्टल परिसर सेक्टर-02 एवं यूनिवर्सिटी परिसर सेक्टर-03 में गाड़ियां पार्क होंगी। मीडिया के लिए सभी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक व प्रिंट मीडिया की गाड़ियों के लिए एनआईटी परिसर में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। **दूसरे जिलों से आने वाली गाड़ियों के लिए अलग पार्किंग व्यवस्था-** सरगुजा-सुरजपुर-बलरामपुर-कोरिया-जशपुर-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी जिले से आने वाले नेता व कार्यकर्ता राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-30 से होकर सिलतरा बाई-पास मार्ग से टाटीबंध चौक होकर जीई रोड से महोबा बाजार पहुंचेंगे। इनकी गाड़ियों की पार्किंग की व्यवस्था महोबा बाजार में की गई है। यहां से सभी कार्यक्रम स्थल तक पैदल जाएंगे। **दुर्ग-राजनांदगांव-बालोद-कबीरधाम-मानपुर-**मोहला-खैरागढ़ जिले से आने वाले कार्यकर्ता के लिए एनआईटी पार्किंग में व्यवस्था की गई है। इनकी गाड़ियां भी राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-53 से, टाटीबंध चौक होकर जीई रोड से महोबा एनआईटी पार्किंग स्थल तक जा पाएंगी। **बिलासपुर-मुंगेली-कोरबा-जांजगीर चांपा**-रायगढ़-गौरेला-पेन्ड्रा-मरवाही जिले से आने वाले नेता व कार्यकर्ता राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-30 से होकर सिलतरा बाई-पास मार्ग से होकर टाटीबंध चौक से जीई रोड से महोबा बाजार पहुंच पाएंगे। इनके लिए पार्किंग की व्यवस्था महोबा बाजार में की गई है। गरियाबंद-धमतरी जिले से आने वाले कार्यकर्ता भी पचपेड़ीनाका चौक-भाठागांव चौक-कुशालपुर चौक-रायपुरा चौक-सरोना चौक से अरिहंत नगर सरोना पार्किंग में अपना वाहन पार्क करेंगे। सारंगढ़-बिलाईगढ़-महासमुंद-बलौदाबाजार जिले से आने वाले कार्यकर्ता बलौदा बाजार मार्ग से विधानसभा-कचहरी चौक-शास्त्री चौक से जीई रोड होकर आश्रम तिराहा से डंगनिया रोड होकर सीएसईबी डगनिया एवं ईदगाह मैदान पार्किंग में अपना वाहन पार्क करेंगे।

**बस्तर-कोण्डागांव-कांकेर-दंतेवाड़ा-सुकमा**-नारायणपुर-बीजापुर जिले से आने वालों के लिए सरोना में पार्किंग व्यवस्था की गई है। इन जिलों से आने वाली गाड़ियां राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-30 से पचपेड़ीनाका चौक-भाठागांव चौक-कुशालपुर चौक-रायपुरा चौक से सरोना चौक होकर अरिहंत नगर सरोना पार्किंग स्थल तक पहुचेंगी।

# यूपी-बिहार की ट्रेनों में ग्रहण, सारनाथ जिस दिन रद्द उस दिन बस का किराया भी डबल

### प्रयागराज में अस्थि विसर्जन करने अब बस की सीट भी फुल, सप्ताहभर पहले करवानी पड़ रही बुकिंग

हरिभूमि न्यूज: रायपुर

रेलवे ने पटरियों में कोहरा बताकर दो महीने के लिए सारनाथ को रद्द कर यात्रियों को यूपी-बिहार से दूर कर दिया है। छत्तीसगढ़ से बड़ी संख्या में लोग सारनाथ एक्सप्रेस से प्रयागराज, वाराणसी, गाजीपुर, फेफना, बलिया, छपरा जाते हैं। वहीं यूपी के पूर्वांचल एरिया से भी लोग बड़ी संख्या में इसी ट्रेन से यात्रा करते हैं। छत्तीसगढ़ से यूपी-बिहार को जोड़ने वाली ये प्रमुख ट्रेनें हैं। इस ट्रेन में ज्यादातर लोग मृतक के अंतिम संस्कार के बाद अस्थि को गंगा में विसर्जित करने प्रयागराज जाते हैं, लेकिन रेलवे ने दिसंबर से फरवरी के बीच 40 दिन तक सारनाथ एक्सप्रेस को रद्द कर दिया है। यह ट्रेन सस्ती और सुलभ होने के कारण यात्रियों के बीच लोकप्रिय है। इस वजह से इसमें आसानी से कंफर्म टिकट भी नहीं मिल पाता। ट्रेन के रद्द होने के बाद यात्रियों ने यूपी- बिहार जाने के लिए अपना माध्यम बदल दिया है। ज्यादातर लोग बस को प्राथमिकता दे रहे हैं।



रेलवे ने दिसंबर से फरवरी तक अलग-अलग दिनों में सारनाथ एक्सप्रेस को रद्द किया है। जब हरिभूमि टीम ने पड़ताल की, तो पता चला कि जिस दिन ट्रेन रद्द है, उस तारीख में बस का किराया भी सामान्य दिनों से अधिक है। ट्रेन में प्रयागराज जाने स्लीपर का किराया 380 है, जो बस में एक सीट के लिए लोगों को 1200 देना पड़ रहा है। इसके अलावा 30 जनवरी को सारनाथ नहीं चलेगी। उस दिन रायपुर से चलने वाली दो बसों का किराया 1600 तक पहुंच गया है। बस में भी अब प्रयागराज जाने के लिए एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है। यहां भी आसानी से सीट मिल पाना मुश्किल है।

अस्थि विसर्जन करने अब लोग प्रयागराज जाने के लिए प्राइवेट गाड़ियों का सहारा लेने लगे हैं, लेकिन इसके लिए उन्हें ट्रेन और बस की तुलना में 5 गुना अधिक किराया देना पड़ रहा है। रायपुर से प्रयागराज के लिए प्राइवेट गाड़ी का किराया 8 हजार तक है। ट्रेन में यात्रियों को स्लीपर में 380 और थर्ड एसी में 10036 किराया है। वर्तमान में गोंदिया एक्सप्रेस प्रयागराज जा रही है, लेकिन इसमें कंफर्म टिकट मिल पाना मुश्किल हो गया है। इस वजह से अब यात्री प्राइवेट गाड़ी किराया कर सफर करने को मजबूर हैं।

### गोंडवाना और छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के 7 हजार यात्रियों ने लिया रिफंड

तीसरी रेल लाइन तैयार करने के लिए एक तरफ रेलवे तेजी से काम करा रहा है, वहीं दूसरी तरफ हजारों यात्री अचानक ट्रेनें रद्द होने से परेशान हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ से अमृतसर के बीच चलने वाली सबसे बड़ी ट्रेन छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के पहिए ब्लाक के कारण बुधवार को थम गए, वहीं, गुरुवार को रायगढ़ से निजामुद्दीन के बीच चलने वाली गोंडवाना एक्सप्रेस भी रद्द हो गई। ये दोनों ऐसी एक्सप्रेस ट्रेनें हैं, जिनमें आसानी से कंफर्म टिकट मिलना मुश्किल होता है। ऐसे में दोनों तरफ से चार से पांच फेरों के रद्द होने से 12 हजार से अधिक यात्रियों का सफर प्रभावित हुआ है। अन्य ट्रेनों में यात्रियों को टिकट मिल नहीं रहा है। इसके कारण दोनों प्रमुख ट्रेनों के 7,000 से अधिक टिकट पिछले चार दिनों में रद्द हुए हैं।

# विष्णुदेव के शपथ समारोह में जाएंगे भूपेश, बैज बोले समय मिला तो जाएंगे

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

छत्तीसगढ़ के नवनियुक्त मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उनके मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान पर होना है। इस समारोह में शामिल होने के लिए कांग्रेस नेता और निवृतमान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव को श्री साय ने खुद फोन कर आमंत्रित किया है। बताया गया है कि श्री बघेल इस समारोह में शामिल होंगे।

नई सरकार के मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण समारोह में निवृतमान मुख्यमंत्री श्री बघेल को लेकर उत्सुकता है कि वे इस कार्यक्रम में शामिल होंगे या नहीं? इस संबंध में कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने जानकारी दी है कि श्री बघेल इस समारोह में शामिल होंगे। लिहाजा ये तय माना जा रहा है कि भूपेश बघेल शपथ ग्रहण समारोह का हिस्सा होंगे।

**टीएस हैं दिल्ली में, बैज रहेंगे बैठक में**

राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव से जब शपथ समारोह में शामिल होने के बारे में जानकारी ली गई, तो उन्होंने कहा कि वे इस समय (मंगलवार शाम) दिल्ली में हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें विष्णुदेव साय ने फोन करके आमंत्रित किया है, लेकिन श्री सिंहदेव ने साफ नहीं किया कि वे शपथ समारोह में जाएंगे या नहीं। इसी तरह प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि वे बस्तर से रायपुर लौट रहे हैं।

बुधवार दोपहर वे कांग्रेस विधायक दल की बैठक में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि विधायक दल की बैठक और शपथ समारोह का समय एक ही है। अगर समय मिला तो वे शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने जाएंगे।










Terms and Conditions apply. *Benefits up to differs from model to model and is inclusive of consumer offer, offer valid till DEC 31st '23, exchange bonus and maximum corporate offer. ^Warranty cover for 3 years/ 1 Lakh km, whichever ends earlier. Images and Illustrations are indicative and for information purposes only. All features/specifications are not available in all variants and may vary for different variants. Specifications/features are subject to change without prior information. Colours may vary due to printing limitations. Local taxes and octroi extra. *National Exchange Carnival valid till DEC 17th '23. *Fair Value is a value as determined by our channel partner through a free and fair assessment of existing car given for evaluation. The price offered is dependent on multiple factors such as condition of existing car, age, mileage, color, market dynamics, statutory taxes etc. | Punch pure ex showroom New Delhi.

| J D AUTONATION | SUNIL VEHICLES | SS CARS | SHIVAM AUTOMOTIVE |
|---|---|---|---|
| Bilaspur: 7506078683, Mungeli: 8291144372, Naila-janjgir: 9152102428 | Ambikapur: 7506018649, Baikunthpur: 8291141905, Balrampur: 8291142365, Manendragarh: 9152102382, Surajpur: 8291146228, Pathalgaon: 8879179653 | Raigarh: 9167986720, Sarangarh: 8291607236 Kharsiya: 9167986720, Jashpur: 8879184298 | Korba: 7506018714 Katghora: 8291176388 |

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com